51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 23.7°c
अधिकतम 36.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:18, सूर्यास्त : 7:17 | वर्ष : 51/ अंक : 157 | बृहस्पतिवार, 08 जून 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

हर कोई चंदन नहीं है कि आपको सुगंधित कर सके, कुछ नीम के पेड़ भी हैं, जो सुगंध तो नहीं देते पर काम बहुत आते हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

भगवान राम और हनुमान के मंदिरों से नौकरियां पैदा नहीं होंगी : सैम पित्रोदा



गलत बयान है..... मंदिर के निर्माण में, रखरखाव में कई लोगों को काम मिलता है.......

# गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी जीवा की कोर्ट परिसर में हत्या

- वकील के वेश में बैठे हमलावर ने किया हमला, एक गिरफ्तार
- लखनऊ कोर्ट में तड़ातड़ पांच गोलियां चलने से मची सनसनी
- परिसर में मौजूद एक महिला व बच्ची को भी लगी गोली
- गोली लगने से एक पुलिसकर्मी भी हो गया घायल

**लखनऊ, 7 जून (एजेंसी)।** एससीएसटी कोर्ट रूम में बुधवार दोपहर हमलावर ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। मजिस्ट्रेट के सामने कुख्यात अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा (50) की हत्या कर दी गई। जीवा की सुरक्षा में तैनात दो पुलिसकर्मियों और वहां मौजूद एक डेढ़ साल की बच्ची व उसकी मां को भी गोली लगी। वकीलों ने दौड़कर हमलावर को दबोच लिया और जमकर पीटा। पुलिस ने उसको हिरासत में ले लिया। उससे पूछताछ जारी है। उसकी उम्र 19 साल है। वारदात से आक्रोशित वकीलों ने प्रदर्शन कर पथराव कर दिया। जिसमें एसीपी चौक का सिर फट गया। कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

भाजपा नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी हत्याकांड में आजीवन कारवास की सजा पाने वाला मुजफ्फरनगर निवासी संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा पिछले बीस साल से जेल में बंद था। उस पर दो दर्जन केस दर्ज हैं। वह हत्या व एससीएसटी के एक केस में बुधवार दोपहर पुलिस अभिरक्षा में पेशी पर लाया गया था। दोपहर करीब 3:50 मिनट पर उसके केस की बारी आई। जैसे ही वह उठकर चला वैसे ही कोर्ट रूम के भीतर वकील के भेष में बैठे हमलावर ने उस पर गोलियां दागनी शुरू दीं। कोर्ट रूम से लेकर पूरे परिसर में भगदड़ मच गया। संजीव वही पर लहूलुहान होकर औंधे मुंह गिर गया। हमलावर ने भागने का प्रयास किया लेकिन वहां मौजूद वकीलों ने उसको पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह जौनपुर के केराकत का रहने वाला है। उसका नाम विजय यादव है। वकीलों ने उसको जमकर पीटा। तभी सूचना पर कार्यवाहक पुलिस कमिश्नर, ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर समेत आलाधिकारी, पुलिस बल व पीएसी के जवान पहुंचे। संजीवा को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार हत्यारोपी वकील की ड्रेस में था। उसकी पहचान विजय यादव पुत्र श्यामा यादव निवासी केराकत जिला जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। हमले में एक सिपाही लाल मोहम्मद भी घायल हुआ है। हमले में घायल डेढ़ साल की बच्ची को बलरामपुर अस्पताल भेज दिया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। हमलावर वकील की ड्रेस में थे और कोर्ट परिसर के बाहर वारदात को अंजाम दिया है। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। गैंगस्टर संजीव पूर्वांचल के भाजपा विधायक ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या के मामले में सजायाफ्ता था। संजीव माहेश्वरी और उर्फ जीवा लखनऊ जेल में उम्रकैद काट रहा था। कोर्ट रूम में बीकेटी के भैसामऊ निवासी सौरभ अपनी पत्नी नीलम व पिता के साथ मौजूद थे। नीलम की गोद में उनकी डेढ़ साल की बेटी लाडो भी थी। गोली लाडो की पीठ व नीलम की अंगुलियों पर लगी। दोनों का इलाज जारी है। लाडो की हालत गंभीर है। वह आईसीयू में है। इसके अलावा अभिरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी कमलेश व लाल मोहम्मद भी घायल हुए हैं। दोनों के पैर में गोली लगी है। ये सभी खतरे से बाहर हैं। वकीलों द्वारा की गई पत्थरबाजी में घायल एसीपी चौक सुनील शर्मा को सिविल अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।



संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा का फाइल फोटो



संजीव माहेश्वरी का हत्यारोपी विजय यादव

## 'जुर्म के नए छोरे' खोद रहे माफियाओं की कब्र

**-राकेश शर्मा-**

मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)। बड़े माफियाओं को ठिकाने लगाने के लिए छुटभैया बदमाशों का सहारा कोई नई बात नहीं है। कई दशक पहले मुजफ्फरनगर में इसकी शुरूआत हुई थी। इस जिले के साथ ही पश्चिमी यूपी की जरायम की दुनिया में 70-80 के दशक तक आतंक का पर्याय बने रहे शिवकुमार और रामकुमार के आतंक की कहानी का अंत भी एक नौसिखिया अपराधी नफीस कालिया के हाथों ऐसे ही हुआ था, जिस तर्ज पर गैंगस्टर विक्की त्यागी, माफिया अतीक और अशरफ या यूं कहें कि अब माफिया संजीव जीवा की हत्या को लोगों ने देखा है।

कभी क्राइम कैपिटल के रूप में दुनिया में पहचान रखने वाले मुजफ्फरनगर की जरायम की दुनिया अपराध के अनेक किस्से और कहानियों से भरी हुई है। इस जिले के लोगों ने अपराध की बड़ी कहानियों का एक पूरा दौर जिया है। कई बड़े बदमाशों के बनते किले और फिर ढहती किलेबंदी का गवाह भी यह जिला रहा है। यहां अपराध जगत का जो भी बड़ा नाम जमींदोज हुआ, उसके पीछे एक नौसिखिया अपराधी ही खड़ा नजर आया है। बरसों पुराना यह ट्रेंड अब यूपी में और देश के दूसरे हिस्सों में भी माफियाओं की कब्रगाह बनाने के लिए चल पड़ा है। मुजफ्फरनगर में 70-80 के दशक में रामकुमार और शिवकुमार की जोड़ी ने भी खूब धमाल मचाया था। एक राजनीतिक संरक्षण के सहारे रामकुमार और शिवकुमार की दहशत पश्चिमी यूपी तक फैली थी। उस दौर में नफीस कालिया छोटे-मोटे अपराधों में लिप्त था। उस समय कोई सोच भी नहीं सकता था कि नफीस आगे चलकर जुर्म की दुनिया का बादशाह बनेगा। नफीस ने आतंक के पर्याय बने रामकुमार को दिनदहाड़े शहर के बीच मारकर सनसनी फैला दी थी। इस हत्याकांड के बाद नफीस का आतंक दिल्ली से देहरादून तक फैल गया था। यह बात अलग है कि गैंगवार के चलते नफीस की कुरूक्षेत्र में बाद में हत्या कर दी गयी थी। इसी तरह दूसरे माफिया विक्रांत उर्फ विक्की त्यागी की दहशत भी कम नहीं थी। जेल से ही अपराध को अंजाम दिलाने का ट्रेंड भी उस दौर में विक्की त्यागी ने ही शुरू किया था। 2015 में पुलिस अभिरक्षा में विक्की त्यागी की हत्या भी उसी अंदाज में कराई गई, जिसमें रामकुमार को ठिकाने लगाया गया था। विक्की की हत्या में पकड़ा गया सागर मलिक भी अपराध की दुनिया का नया चेहरा था। वो भी कोर्ट परिसर में काला कोट पहनकर आया था। विक्की त्यागी को मारने के बाद सागर ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया था। इसी ट्रेंड पर माफिया सरगना अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को मारा गया। इस बार अपराधी मीडिया कर्मियों का वेश धरकर आये थे। बुधवार को लखनऊ कोर्ट में भी मुजफ्फरनगर की तरह ही कहानी दोहराई गई। माफिया सरगना संजीव जीवा इन दिनों लखनऊ जेल में बंद था। आज उसे कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था, इसी दौरान काले कोट में आये आरोपियों ने गोलियां बरसाकर संजीव को मौत की नींद सुला दिया। संजीव के कत्ल में गिरफ्तार आरोपी की उम्र भी नये छोकरे वाली है। जाहिर है कि बड़े माफियाओं को ठिकाने लगाने के लिए छुटभैया अपराधियों को बड़ा हथियार बनाया जा रहा है और ये नौसिखिएं नौजवान अब यूपी में माफिया सरगनाओं की कब्रगाह बनाने पर तुले हुए हैं।

- विक्की त्यागी, अतीक अहमद, अशरफ के बाद अब संजीव जीवा का भी हुआ एक जैसा हश्र
- जरायम की दुनिया में दशकों तक राज करने वाले बड़े बदमाशों की हत्याओं में सामने आ रहे नौसिखिए नौजवान
- आतंक का पर्याय रहे रामकुमार को भी नौसिखिया अपराधी नफीस के सहारे कराया गया था कत्ल

### सही साबित हुई पायल माहेश्वरी की आशंका

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश सहित चार राज्यों में कुख्यात अपराधी और लखनऊ जेल में बंद संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की पत्नी पायल माहेश्वरी ने मुन्ना बजरंगी हत्याकांड के बाद से ही अपने पति की हत्या की आशंका जतानी शुरू कर दी थी। पायल ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस आफ इंडिया (सीजेआई) को पत्र लिखकर अपने पति जीवा की जान को प्रदेश में खतरा बताया था। जीवा की पत्नी एक साल से लगातार यही कहती आ रही थी। 30 जनवरी 2021 को लखनऊ जेल में उनके पति जीवा को जान से मारने की धमकी दिये जाने के बाद पायल बेहद खौफजदा नजर आई थी। आज उनकी आशंका सही साबित हुई।



## कार के बोनट पर चढ़कर जीवा ने विधायक कृष्णानंद राय पर एके-47 से बरसाई थी अंधाधुंध गोलियां

**गाजीपुर, 7 जून (एजेंसी)।** माफिया मुख्तार अंसारी के बेहद करीबी शूटरों में शुमार वेस्ट यूपी का नामी बदमाश संजीव माहेश्वरी जीवा पहली बार मुहम्मदाबाद के तत्कालीन भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में सुर्खियों में आया था। उसने गाड़ी के बोनट पर चढ़कर एके-47 से ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर न सिर्फ विधायक सहित सात लोगों को मौत के घाट उतार दिया था, बल्कि स्वचलित हथियारों से कई सौ राउंड गोलियां चलाकर पूर्वांचल को दहला दिया था। 29 नवंबर 2005 भाजपा के मुहम्मदाबाद से भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों की गोलियों से भूनकर उस समय हत्या कर दी थी, जब वह अपने गांव सियाड़ी में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन कर लौट रहे थे। लट्ठूडीह-कोटवा नारायणपुर मार्ग के बसनिया गांव के समीप क्षतिग्रस्त पुलिया का लाभ उठाते हुए पहले से मौजूद हमलावरों ने कृष्णानंद राय की गाड़ी पर स्वचलित हथियारों से अंधाधुंध गोलियां बरसाई थीं। इस हत्याकांड में मुन्ना बजरंगी के साथ मुजफ्फरनगर निवासी शूटर संजीव माहेश्वरी जीवा का नाम सामने आया था। भाजपा विधायक हत्याकांड को करीब से देखने वाले लोगों का कहना है कि जीवा ने विधायक की गाड़ी पर चढ़कर गोलियां दागी थी। वह तब जेल में बंद मुख्तार अंसारी का बेहद करीबी रहा। तत्कालीन विधायक कृष्णानंद राय के साथ मुहम्मदाबाद के पूर्व ब्लाक प्रमुख श्याम शंकर राय, भाजपा के भांवरकोल ब्लाक के मंडल अध्यक्ष रमेश राय, अखिलेश राय, शेषनाथ पटेल, चालक मुन्ना यादव व सरकारी अंग रक्षक निर्भय नारायण उपाध्याय। विधायक हत्याकांड में अफजाल अंसारी, मुख्तार अंसारी, संजीव महेश्वरी जीवा, एजाजुलहक, राकेश पांडेय, रामू मल्लाह, मंसूर अंसारी, मुन्ना बजरंगी का नाम सामने आया था। हालांकि, बाद में सभी कोर्ट से बरी हो गए थे।

## ये है जीवा का हत्यारोपी, क्यों की हत्या?

**लखनऊ, 7 जून (एजेंसी)।** आरोपी विजय यादव से पूछताछ जारी है। शुरूआती जांच में पता चला कि विजय साधारण परिवार से है। पिता किसान हैं। विजय चार भाइयों में दूसरे नंबर का है।

आरोपी विजय यादव जौनपुर के केराकत क्षेत्र के सुल्तानपुर सर्की गांव का रहने वाला है। वह दो महीने से लखनऊ में रहकर पेयजल पाइप लाइन डालने का काम कर रहा था। आरोपी के पिता श्यामा यादव ने बताया कि चार बेटों में दूसरे नंबर का 24 साल का विजय यादव दो माह से लखनऊ में रहकर सीवर व पेयजल पाइप लाइन डालने का काम कर रहा था। इसके पहले वह मुंबई में टाटा कंपनी में मजदूरी का काम करता था। श्यामा ने बताया कि बीते 15 दिन से उसका मोबाइल फोन बंद था। परिवार के किसी भी सदस्य से उसका संपर्क नहीं हो पा रहा था। हम लोग परेशान थे। पिता ने आगे बताया कि विजय यादव की पढ़ाई जौनपुर से ही हुई है। मोहम्मद हसन पीजी कालेज जौनपुर से 2016 में बीकाम उत्तीर्ण किया है। इसी दौरान आजमगढ़ के देवगांव की एक लड़की के अपहरण व दुष्कर्म के मामले में उसके स्वजन ने 363 व 366, पॉक्सो एक्ट में देवगांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसका केस आजमगढ़ में चल रहा था। दो माह पूर्व ही समाप्त हुआ है। पिता खेती-किसानी कर जीवनयापन करते हैं। बड़े भाई स्वतंत्र यादव की शादी हो चुकी है जो मेहनत मजदूरी करता है। तीसरे नंबर का भाई 19 वर्षीय सत्यम यादव व चौथे नंबर का 17 वर्षीय घर पर रहकर सुंदरम यादव पढ़ाई करते हैं। परिजनों ने बताया कि वह तीन माह पहले जौनपुर निवासी पिंटू के साथ लखनऊ गया था। हर महीने घर पर आना-जाना था लेकिन इधर 15 दिन से न ही घर आ रहा था और न ही उससे कोई संपर्क हो पा रहा था। पता लगाया जा रहा था लेकिन कुछ पता नहीं चल पा रहा था। लखनऊ की घटना की जानकारी होते ही सीओ केराकत गौरव शर्मा ने पहुंचकर पिता व भाइयों से पूछताछ कर विजय यादव के बारे में जानकारी ली।

### मुजफ्फरनगर में जीवा की संपत्ति की गई थी जब्त

**मुजफ्फरनगर। महावीर चौक पर जीवा की पत्नी पायल माहेश्वरी का चार करोड़ का कांप्लेक्स पुलिस द्वारा राज्य सरकार के पक्ष में जब्त करते हुए कुर्क किया गया था। यह संपत्ति जीवा के खिलाफ मुजफ्फरनगर शहर कोतवाली में दर्ज गिरोहबंद अधिनियम के तहत मई 2022 में जब्त की गई थी। दूसरी ओर इसी माह शामली पुलिस ने संजीव जीवा और उसकी पत्नी व बच्चों के नाम बाबरी थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर में 21 बीघा भूमि को कुर्क किया था। यह जमीन उसने अपनी पत्नी और पुत्रों के नाम पर खरीदी थी, जिसकी कीमत 1.87 करोड़ रुपये आंकी गई थी।**

## वसूली के काम ने जीवा को बनाया जरायम की दुनिया का डॉक्टर

- शहर के एक दवाखाना से लेकर लखनऊ के कोर्ट तक दहशत की कई कहानियों में संजीव का रहा नाम
- बनना चाहता था डॉक्टर, लेकिन पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल तक अपराध कर बन गया बड़ा माफिया

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वांचल तक अपने आतंक का डंका बजाने वाले मुजफ्फरनगर के माफिया सरगना संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा चिकित्सा क्षेत्र में सेवा करने का सपना रखता था। कुछ दिन कम्पाउंडर बनकर इस डगर पर चला भी, लेकिन रातों-रात धन्नासेठ बनने की चाह में जीवा अपराध की डगर पर ऐसा चला कि बड़े-बड़े माफियाओं के छक्के छुड़ा दिये। लखनऊ में जो कुछ हुआ वो अप्रत्याशित नहीं था। जीवा और उसके परिवार को कई बरस से अभिरक्षा में कत्ल का डर सता रहा था, जो आज आखिरकार सही साबित हुआ।**

**जनपद शामली के गांव आदमपुर के मूल निवासी संजीव महेश्वरी का मुजफ्फरनगर के प्रेमपुरी में भी अस्थाई ठिकाना था। बचपन शहर की गलियों में बीता, जवानी की दहलीज पर कदम रखते ही सबसे पहले एक मोपड चोरी के मामले में संजीव महेश्वरी का नाम पुलिस रिकार्ड में आया था। युवा काल में संजीव महेश्वरी उर्फ जीवा अपने जीवन में रोगियों की सेवा के लिए चिकित्सा के क्षेत्र को अपना करियर चुना था। इसके लिए पहले संजीव ने शहर के एक दवाखाना पर काम किया था। बाद में एक परिचित के सहारे शामली में एक चिकित्सक के यहां कंपाउंडर का काम किया।**

**दरअसल, संजीव चिकित्सक के लिए वसूली का काम करने लगा था। यही काम करते करते जीवा और उसके एक साथी ने चिकित्सक की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसके अपहरण की घटना को अंजाम दिया। इस तरह महेश्वरी की जिंदगी सेवा भाव से हटकर अपराध की राह पर चल पड़ी। कोलकाता के उद्यमी राजू दीवान के बेटे प्रतीक दीवान का देहरादून से दिल्ली जाते हुए खतौली क्षेत्र में अपहरण कर जीवा गैंग ने जिले की अपराध की दुनिया में अपनी जबरदस्त एंट्री कराई थी। उस दौर में करीब तीन करोड़ रुपये की फिरौती वसूली गई थी। हालांकि पुलिस ने कैराना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद अपहृत प्रतीक दीवान को सकुशल बरामद कर लिया था।**

**इस घटना के बाद तो संजीव जीवा का नाम बड़े अपराधियों में हो गया। इसके बाद जीवा ने सीधे पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी गैंग में पैठ बनाई। 1997 में संजीव जीवा ने भाजपा के पूर्व मंत्री ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या कर राजनीतिक गलियारों में सनसनी फैला दी थी।**

**इसके बाद जीवा ने मुख्तयार अंसारी के इशारे पर भाजपा के दबंग विधायक कृष्णानंद राय की हत्या कर खुद को एक बड़े माफिया के रूप में प्रस्तुत करने का काम कर दिखाया। इन दोनों हत्याओं ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी।**

**मुख्तार के साथ मुन्ना बजरंगी से उसकी नजदीकी किसी से छिपी नहीं थी। साल 2003 में कोर्ट से सजा पाने के बाद से लगातार जीवा लखनऊ जेल में बंद चल रहा था। जीवा जेल में रहते हुए भी मुजफ्फरनगर में अपने गैंग की मदद से अपराधों को अंजाम दे रहा था। हाल में ही पुलिस ने गैंग से जुड़े 5 सदस्यों को जेल भेजा था।**




### एक के 47 बेचने में आया था जीवा का नाम, 26 में से 17 मुकदमों में दोष मुक्त हो चुका था जीवा

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)। लखनऊ में अभिरक्षा में मारे गए संजीव जीवा का नाम थानाभवन से बरामद हुई एके 47 को बेचने के मामले में सामने आया था। जीवा 26 मुकदमों में से 17 में दोष मुक्त हो चुका था। संजीव जीवा के 28 साल के अपराध के सफर का आज अंत हो गया। वर्ष 1995 में सिविल लाईन थाने में हत्या के मामले में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद संजीव ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। पूर्व मंत्री ब्रह्म दत्त द्विवेदी और कृष्णानंद राय हत्याकांड ने जीवा का नाम अपराध की दुनिया में शिखर तक पहुंचा दिया था। जीवा के खिलाफ 26 के करीब मुकदमे थे। इनमें से हत्या, लूट, अपहरण, बलवा के करीब 17 मुकदमों में दोष मुक्त हो चुका था। फिलहाल उसके खिलाफ नई मण्डी और सिविल लाइन थानों में दर्ज गैंगस्टर के मामले विचाराधीन थे। संजीव जीवा का नाम थानाभवन में पकड़े गये अनिल उर्फ पिंटू के बयानों में भी आया था। पिंटू के पास से पुलिस ने एके-47 और 1300 कारतूस बरामद किये थे। पिंटू ने दावा किया था कि बरामद हथियार उसने संजीव जीवा से 11 लाख रुपये में खरीदा था।**

### एसआईटी करेगी हत्याकांड की जांच



**लखनऊ, 7 जून (एजेंसी)।** गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा हत्या कांड की जांच के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने SIT का गठन कर दिया है। सीएम योगी ने एडीजी टेक्निकल मोहित अग्रवाल, नीलब्जा चौधरी और अयोध्या आईजी प्रवीण कुमार जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। तीनों अधिकारियों के 7 दिन में जांच पूरी का रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

### कल कोई प्रेस कांफ्रेंस में उठकर हमें भी मार सकता है: अखिलेश यादव



**लखनऊ, 7 जून (एजेंसी)।** अखिलेश यादव से अरविंद केजरीवाल के साथ प्रेस वार्ता में संजीव जीवा की हत्या पर सवाल हुआ। इस पर अखिलेश यादव ने माइक को अपनी तरफ खीचते हुए कहा कि कोर्ट के अंदर हत्याएं हो रही हैं। इस विषय पर अगर समाजवादी पार्टी कुछ कह देगी तो आप कहेंगे कि समाजवादी पार्टी ने मरवा दिया। इसलिए मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा। अखिलेश यादव ने सवाल किया कि क्या यह लोकतंत्र है? सवाल यह नहीं है कि किसे मारा जा रहा है, सवाल यह है कि वहां मारा जा रहा है जहां सुरक्षा सबसे ज्यादा है। कल कोई प्रेस कांफ्रेस के बीच उठकर हमें भी मार सकता है।

### सरकार सख्त कदम उठाए- मायावती



**लखनऊ, 7 जून (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी योगी सरकार पर हमला बोला है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि कोर्ट परिसर में खुलेआम हुई हत्या यूपी में कानून व्यवस्था व अपराध नियंत्रण के मामले में सरकार के लिए बड़ी चुनौती। ऐसी घटनाओं से आम जनता में काफी दहशत है। सरकार सख्त कदम उठाए।

### भैंसली वाला में आग से दो दर्जन झोपड़ियां जलीं

**पुरकाजी, 7 जून (बु.)।** खादर क्षेत्र के गांव भैंसली वाला बढीवाला में बुधवार को आग लग जाने से दो दर्जन झोपड़ियां जल गईं। झोपड़ियों में रखा सामान जल गया और दो पशु भी झुलस गए। आग बुझा रहा एक ग्रामीण भी झुलस गया। दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। खादर क्षेत्र के गांव भैंसली वाला बढीवाला में मुस्लिम मेव जाति के करीब 40 परिवार झोपड़ी बनाकर रहते हैं।बुधवार सवेरे करीब दस बजे वासिद अहमद की झोपड़ी में आग लग गई। उसका परिवार झोपड़ी में मौजूद नहीं था। तेज हवा के कारण आग वसीम, जावेद, लतीफ, महजाद, अब्दुल सदतार, मासूम अली, जाहिद, वाशिद, आजाद, सादिक, सर्वेश, परवेज और इत्तेफाक आदि की झोपड़ियों तक भी पहुंच गईं। इससे झोपड़ियों में रह रहे लोगों में हड़कंप मच गया। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोग भी मौके पर जा पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग को घटना की जानकारी दी। दमकल टीम डेढ़ घंटे बाद पहुंची और आग पर काबू पाया गया। आग में झोपड़ियों में रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। दो पशु भी झुलस गए। आग बुझाने में गांव निवासी लतीफ भी झुलस गया। नायब तहसीलदार मनोज कुमार और प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेश्वर बौद्ध भी ने भी मामले की जानकारी ली। गांव प्रधान मुनेश कुमार ने बताया कि करीब 25 झोपड़ियों में आग लगी हैं। आग लगने से करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ हैं। पहले भी दो बार झोपड़ियों में आग लग जाने से भारी नुकसान हुआ था। मगर प्रशासन ने नाममात्र का मुआवजा देकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली थी। प्रधान ने प्रशासन से पीड़ितों को मुआवजा देने की मांग की है। अधिकारियों के अनुसार आग लगने से झोपड़ियों में रखा गेहूं, चारपाई, बर्तन और कपड़े आदि सामान जल गया है। जान माल की कोई हानि नहीं हुई है। पीड़ितों को प्रशासन से हर सम्भव मदद कराने का प्रयास किया जाएगा। अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही हैं।

## मुस्लिम महिलाएं दूसरे सम्प्रदाय के लोगों से न करें लेनदेन

- जमीयत उलेमा की इस अपील से नये विवाद को मिला जन्म,कहा-महिलाओं को जागरुक करने को चलायेंगे तीन माह का अभियान
- गरीब परिवारों की मदद के लिए अमीरों से जकात लेकर काम करने पर बनी बैठक में सहमति

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** जमीयत उलेमा ए हिंद की एक अपील ने सामाजिक तौर पर नया विवाद खड़ा कर दिया है। जमीयत ने मुस्लिम महिलाओं से दूसरे सम्प्रदाय के लोगों से ब्याज पर पैसों का लेनदेन नहीं करने की नसीहत की है। साथ ही कहा है कि गरीब परिवारों को सूचीबद्ध कर अमीरों से जकात लेकर मदद करने का अभियान चलाया जायेगा। महिलाओं को गैर सम्प्रदायों के लोगों से लेनदेन नहीं करने के लिए प्रेरित करने को तीन माह का जागरुकता कार्यक्रम चलाने की बात भी जमीयत ने कही है। जमीयत उलेमा ए हिंद शहर मुजफ्फरनगर की एक बैठक में मुस्लिम महिलाओं के दूसरे सम्प्रदायों के लोगों से ब्याज पर पैसों के लेनदेन करने पर कड़ी आपत्ति जताई गई। जामियानगर में हुई बैठक की अध्यक्षता शहर सदर हाफिज इकराम और संचालन शहर सेक्रेटरी कारी आदिल ने किया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष मुफ्ति बिन यामीन और प्रदेश सेक्रेटरी कारी जाकिर हुसैन कासमी रहे। कारी जाकिर हुसैन ने बताया कि जमीयत के संगठन विस्तार और समाज सुधार कार्यक्रमों के लिए रूपरेखा तैयार की गई है। शहर में तीन सदस्य कमेटी बनाई गई हैं जिसमें हाफिज इकराम, मौलाना गुलजार और मुफ्ति अब्दुल कय्यूम शामिल हैं, जो हर महीने शहर में पांच मकतब स्थापित करेंगी, जहां तमाम स्कूली बच्चो को दीनी तालीम से जोड़ा जायेगा। साथ ही समाज सुधार कार्यक्रमों में ब्याज के लेनदेन से समाज को बचाने पर लगातार तीन महीने तक जमीयत के जिम्मेदार समाज के लोगों को जागरूक करेंगे और खासतौर से इस बात पर बल दिया जायेगा कि मुस्लिम महिलाएं किसी दूसरे धर्म के लोगों से ब्याज पर रूपयों का लेनदेन ना करें। जमीयत कार्यकर्ताओं से ऐसे परिवारों की सूची बनाने को कहा गया है जो वास्तविक रूप से गरीब हैं। जिससे निकट भविष्य में शहर के समाज के बड़े अमीरों को उनकी जकात के जरिए ऐसे परिवारों की सहायता की जिम्मेदारी दी जा सके। कारी जाकिर हुसैन कासमी ने इस अवसर पर बताया कि जमीयत की लोकल यूनिट्स और वार्ड स्तर तक की कमेटिया गठित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। बहुत जल्द वार्ड स्तर तक जमीयत की यूनिटों की घोषणा कर सूची जारी कर दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रुप से मुफ्ति मोहम्मद इकबाल, मौलाना अरशद कारी अब्दुल माजिद, मुफ्ति आदिल, मौलाना इसरार, मौलाना गुलजार, हाजी वसीम आलम, कारी मोहम्मद उस्मान, मुफ्ति अब्दुल कय्यूम मुफ्ति मोहम्मद फाजिल, मुफ्ति मोहम्मद जावेद, मौलाना समीउल्लाह, मौलाना अम्मार, मोहम्मद शिबली, नूर मोहम्मद, कारी मोहम्मद सादिक, कारी शाहनवाज, कारी बिलाल, प्रधान सुलेमान आदि मौजूद रहे।

### युवक ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**चरथावल, 07 जून (बु.)। गांव बधाई कला निवासी अनुज(25) पुत्र राजेन्द्र ने गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंखे पर झूल रहे शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक सहारनपुर में ईरिक्शा चलाता था। पुलिस मौत के कारणों में जुटी है। इस संबंध में कोई तहरीर फिलहाल किसी की तरफ से नहीं आई है। मृतक का भाई और भाभी भी रात घर के आंगन में सोए थे। मृतक नीचे मंजिल पर अपने कमरे में था। सुबह दरवाजा तोड़कर उसकी मृत्यु की खबर लगी।**

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि तितावी थाना क्षेत्र के गांव मुरादनगर निवासी 36 वर्षीय महबूब पुत्र अय्यूब बाइक पर सवार होकर जा रहा था। तितावी चीनी मिल के सामने तेज रफ्तार से आई बस ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिये बघरा प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर परीक्षण के लिये भेज दिया है।

### पुत्र की हत्या का आरोप लगाया

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** एक व्यक्ति ने कुछ लोगों पर अपने पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से कार्यवाही की गुहार लगाई है। एसएसपी के नामदिये प्रार्थनापत्र में किदवईनगर निवासी मौहम्मद शाहिद आलम ने बताया कि विगत् 26 मई को पड़ौस के कुछ लोग उसके घर आए और कहा कि मंसूरपुर निवासी ठेकेदार की 5 भैंस ट्रक में लोड होनी हैं, जिसके लिये 2 हजार रुपये मिलेंगे और ट्रक के साथ बाहर जाने पर 20 हजार रुपये मिलेंगे। पीड़ित ने बताया कि उसका पुत्र आशिफ उनके साथ चला गया। 30 मई को महाराष्ट्र बॉडर से उसके पास फोन आया कि उसके पुत्र की मौत हो गई हे। पीड़ित ने अपने पुत्र की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है।

### मेरठ में महिला वकील की सिर में गोली मारकर हत्या

**मेरठ, 7 जून (एजेंसी)।** बुधवार को बदमाशों ने दिन निकलते ही बीच शहर में दूध लेकर लौट रही महिला की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने उसके ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया गया कि टीपीनगर के न्यू मेवला कॉलोनी में महिला अधिवक्ता दूध लेकर वापस अपने घर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आए बदमाशों ने उस पर हमला बोल दिया। महिला अपने घर के दरवाजे में घुसने ही वाली थी कि बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर महिला की हत्या कर डाली और वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। एक गोली महिला के सिर में लगी, गोली लगते ही महिला गेट पर ही धराशायी हो गई। महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले तो देखा कि अधिवक्ता लहूलुहान अवस्था में जमीन पर पड़ी थी। एसपी सिटी पीयूष सिंह ने बताया कि थाना टीपीनगर के अंतर्गत एक महिला अंजली गर्ग जिसका पति से तलाक होने के बाद मकान की कब्जेदारी और हिस्सेदारी को लेकर ससुराल पक्ष से विवाद चल रहा था, उसकी हत्या हुई है। महिला के परिजनों ने पुलिस को मामले में तहरीर दी है। संदिग्ध ससुर को हिरासत में लिया गया है।

### शहर कोतवाली के हेडमोहर्रिर के खिलाफ महिला के यौन शोषण का मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)। शहर कोतवाली के हेड मोहर्रिर पर यौन शोषण के आरोपों की जांच के बाद शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली में खाना बनाने वाली विधवा महिला ने महिला ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया था कि वह दो बच्चों की मां की है। महिला का कहना है कितीन साल पहले उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद अपना व बच्चों का पेट पालने के लिए वह कोतवाली में खाना बनाने का काम कर रही थी। तभी उसकी मुलाकात कोतवाली में तैनात हेडमोहर्रिर सुरेश से हुई थी। सुरेश गांव पटना, मांडपुर थाना, हापुड़ देहात का मूल निवासी था और वर्तमान में मेरठ में सरकारी मेडिकल के पास परिवार सहित रह रहा था। आरोप है कि वह उसे बहला फुसला कर हरिद्वार आर्य समाज मंदिर में ले गया और शादी कर ली। गर्भवती होने पर धोखे से दवाई खिला कर उसका गर्भपात करा दिया गया। आरोप है कि पत्नी का दर्जा देने की बात कहने पर वह लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा था। उसने गर्म चाय डालकर उसके बेटे को जला दिया। गंभीर आरोपों के चलते एसएसपी ने सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष विक्रम सिंह से जांच कराई। जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की संस्तुति की गई। बुधवार को एसएसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी दीवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की हैं। शहर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी हेडमोहर्रिर कई दिन से ड्यूटी से गैर हाजिर चल रहा हैं। उसका और महिला का एक साल से विवाद चल रहा है।**



कोर्ट परिसर के गेट पर पड़ा संजीव जीवा का शव

### मुजफ्फरनगर में टल गई थी जीवा की पेशी

मुजफ्फरनगर। लखनऊ में मारे गये संजीव जीवा की मई माह में मुजफ्फरनगर कोर्ट में भी पेशी होनी थी, लेकिन ऐन वक्त पर वो टल गई थी। वैसे तो कई अपराधों में जीवा की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेशी हो रही थी, लेकिन कोर्ट ने एक मामले में जीवा को तलब किया था। जीवा की पेशी को देखते हुए पूरे कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। खुद सीओ मण्डी हिमांशु गौरव पूरे समय कोर्ट परिसर में फोर्स के साथ मौजूद रहे। दोपहर के समय जाकर यह साफ हो पाया था कि संजीव जीवा कोर्ट में पेशी पर नहीं आ रहा है। तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली थी।

### अधूरी रह गयी राजनीतिक महत्वकांक्षा, पत्नी को नहीं बना पाये विधायक

**मुजफ्फरनगर। अपराध की दुनिया में बेताज बादशाह बने संजीव जीवा की भी राजनीतिक महत्वाकांक्षा उभरी तो उन्होंने अपनी पत्नी पायल महेश्वरी को राजनीतिक मुखौटा पहनाकर सियासी बिसात पर उतार दिया था। पायल आज भी रालोद में सक्रिय राजनीतिक कर रही हैं। संजीव जीवा ने उनको रालोद के टिकट पर मुजफ्फरनगर विधानसभा सीट से साल 2017 में विधायक बनाने का सपना संजोया और मजबूती से चुनाव लड़ाया था, लेकिन भरसक प्रयास के बाद भी पायल महेश्वरी भाजपा की लहर वाले इस चुनाव में जीत नहीं पाई। इसके बाद भी हर चुनाव में पायल महेश्वरी ने अपनी दावेदारी पेश की, लेकिन पार्टी ने उनके नाम पर मुहर नहीं लगाई। प्रयागराज में अतीक और अशरफ की हत्या के बाद जेल में बंद संजीव जीवा गैंग भी योगी सरकार के निशाने पर आ गया था। सरकार के निर्देश पर हुई कार्यवाही में जीवा की पत्नी पायल महेश्वरी और उनसे जुड़े कई लोग कानूनी कार्यवाही की लपेट में आ गये। संजीव जीवा की हत्या किये जाने के साथ ही पत्नी को राजनेता बनाने की हसरत भी अधूरी रह गयी।**

## कलेक्ट्रेट की सुरक्षा में सेंध... निषाद पार्टी ने कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर जुलूस के साथ की नारेबाजी

# डीएम कार्यालय पर उड़ता रहा ड्रोन, देखते रहे पुलिसकर्मी

### केन्द्र में मोदी सरकार के नौ साल के कार्यकाल की बताई उपलब्धियां



फोटो बुलेटिन डीएम कार्यालय पर जुलूस के रूप में पहुंचकर नारेबाजी करते निषाद पार्टी के कार्यकर्ता।

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के बैनर तले बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे दर्जनों कार्यकर्ताओं ने इस बीच मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। निषाद पार्टी ने इस बीच प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए आठ सूत्रीय धन्यवाद ज्ञापन में समाज से जुड़ी हुई समस्याओं के साथ राजनीतिक रूप से समाज के लोगों को आगे आने में की गई पहल के लिए उनका आभार व्यक्त करने के साथ समाज की बेहतरी के लिए भविष्य में काम किए जाने का आह्वान किया। इस दौरान उत्साहित तमाम निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में जारी नारेबाजी की एक ड्रोन कैमरे के माध्यम से वीडियो भी बनाई, जो दिनभर नगर में चर्चा में रही। इस मामले में हालांकि देर सायं तक कोई अधिकारी कुछ कहने को तैयार नहीं दिखा।

बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा इस बीच 9 वर्षों में किए गए तमाम कार्यो की प्रशंसा की। इस बीच निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम सौंपे आठ सूत्रीय ज्ञापन में समाज से जुड़ी तमाम समस्याओं को समय-समय पर पूरा किए जाने के साथ इस समाज के राजनीतिक रूप से समाज के लोगों को आगे आने का आह्वान किया गया।

मछुआ समाज के लोगों के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के 9 साल पूर्ण होने पर बधाई देते हुए पार्टी की ओर से नित नई ऊंचाईयों को छूकर नए कीर्तिमान स्थापित किए जाने पर सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए समाज हित की लंबित मांगों को पूर्ण किए जाने की मांग की। इसके साथ निषाद पार्टी नेतृत्व ने 18 प्रतिशत आबादी वाले मछुआ समाज की आरक्षण की समस्या को पूर्ण किए जाने की मांग की। इस दौरान दर्जनों निषाद पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



फोटो बुलेटिन जिला कलेक्ट्रेट में निषाद पार्टी के केन्द्र सरकार के नौ वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर पीएम मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के दौरान जुलूस में शामिल निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं के प्रदर्शन को रिकार्ड करने को डीएम कार्यालय पर ड्रोन उड़ाता युवक।

# साध्वी राज नंदेश्वरी मौत प्रकरण: एसएसपी कार्यालय पहुंचे साधु-संत, उठाई जांच की मांग

▶▶ योगिनी मां को समाधि देने के बजाए अंतिम संस्कार करने पर उठाए सवाल



**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** जनपद मुजफ्फरनगर की धर्मनगरी शुकतीर्थ में बुधवार को आधा दर्जन साधु-संतों ने कचहरी स्थित एसएसपी दफ्तर में पहुंचकर उन्होंने आशंका व्यक्त की कि मां साध्वी राज नंदेश्वरी की हत्या की गई है। उन्होंने एसएसपी से साध्वी की मौत मामले की विस्तृत जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

बीते करीब 10 दिन पूर्व तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित महाशक्ति सिद्धपीठ संचालिका परम योगिनी मां राजनंदेश्वरी का हार्ट अटैक की वजह से निधन हो गया था। इसके बाद साधु-संतों और अनुयायियों ने उनके शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया था। उक्त मामले में बुधवार को मेरठ निवासी अरुण कुमार त्यागी के नेतृत्व में एसएसपी ऑफिस पहुंचे साधु-संतों ने एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव से मुलाकात कर राज नंदेश्वरी की मृत्यु को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु बताया। इस मामले में एसएसपी कार्यालय में पहुंचे इन साधु-संतों ने आशंका जताई कि उनकी हत्या की गई। इस संबंध में एसएसपी संजीव सुमन के नाम एक शिकायती पत्र देकर जांच करते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे कारण तो हम बता नहीं सकते, लेकिन पुलिस जांच करेगी तो सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि एसपी देहात ने उन्हें जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। महामंडलेश्वर गोपाल दास ने कहा कि इस समय वह साध्वी महिला की हत्या मामले में बात करने आए हैं। उन्होंने दावा किया कि मृतका के शरीर पर काफी चोट के निशान थे। साधुओं का अंतिम संस्कार नहीं होता तो उन्हें समाधि दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि साध्वी को बहुत जल्दी में जला दिया गया, जबकि उन्होंने अपनी समाधि का पहले से ही स्थान नियत कर रखा था। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्षदर्शी लोगों के अनुसार उनके शरीर पर बहुत चोट थी। उन्होंने मांग की कि साध्वी को न्याय मिलना चाहिए यदि उनकी हत्या हुई है तो उन्हें न्याय जरूर मिलना चाहिए यदि हत्या नहीं हुई है तो जांच में सब सामने आ जाएगा और बात स्वतः खत्म हो जाएगी।

# मोदी-योगी सरकार में हुआ महिलाओं का कल्याण: सुनीता बालियान

### शाहपुर ब्लॉक में हुए महिला कार्यकर्ता सम्मेलन में गिनाई उपलब्धियां



फोटो बुलेटिन शाहपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के साथ डॉ. सुनीता बालियान।

**शाहपुर, 07 जून (बु.)।** केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान की पत्नी डॉ. सुनीता बालियान ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किया तथा सभी महिला कार्यकर्ताओं के सम्मान में कमी नहीं आने दी जाएगी।

कस्बे के खंड विकास कार्यालय पर ब्लॉक स्तरीय महिला कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की पत्नी डॉ. सुनीता बालियान ने कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है, जिसमें महिलाओं को उज्जवला गैस कनेक्शन के अलावा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के साथ सुरक्षा का माहौल दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। भाजपा सरकार महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला कार्यकर्ताओं के मान सम्मान में कमी नहीं आने दी जाएगी तथा न ही किसी का उत्पीड़न होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद डॉ. संजीव बालियान जनपद में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य कराए हैं। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आह्वान किया कि वह भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें तथा मिशन 2024 में जुट जाएं। सम्मेलन को महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष अंजली चौधरी, ममता व बबीता बालियान आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता डॉ. संजय बालियान रहे, जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, पूर्व मंडलाध्यक्ष व प्रधान डॉ. कुलदीप त्यागी, पूर्व प्रधान अमित त्यागी आदि ने योगदान दिया। सम्मेलन में भाजपा महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ललिता त्यागी, डॉ. कविता सैनी, पूर्णिमा त्यागी, मीनाक्षी, सीमा, ताहिरा, नसीमा, डोली, सविता, संगीता व रचना आदि मौजूद रही।

**इन्होंने कुछ यूं कहा...**

केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने नौ साल का कार्यकाल पूर्ण किया है। इन बीते नौ साल में हर वर्ग और समुदाय के लिए पीएम मोदी ने जो भी योजनाएं चलाई, उन सभी योजनाओं को उत्तर प्रदेश में सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार ने समाज के कल्याण के लिए शत प्रतिशत लागू कराने का काम किया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम मोदी-योगी सरकार कर रही हैं...

**डॉ. सुनीता बालियान,**
शाहपुर कार्यक्रम के दौरान

### सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण एक जून से प्रारंभ

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** स्थानीय शामली रोड़ निकट ताराचंद पैट्रोल पंप स्थित सत्संग भवन परिसर में श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कथा व्यास आचार्य पं. होती लाल शर्मा द्वारा श्रीमद्भागवत कथा महा पुराण का महत्व, परमात्मा श्री कृष्ण का लीला अवतरण, सनातन धर्म की अवधारणा, भगवत लीला कथा श्रवण से मानव मन में धर्म, अध्यात्म की स्थापना तथा आण्य संस्कृति का विश्व शांति के लिए संदेश जैसे विषयों के संदर्भ के साथ परमात्मा श्री कृष्ण की ब्रज लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। यह भागवत कथा आगामी 9 जून गुरूवार से प्रारंभ होकर 15 जून तक नित्य सायं 4 बजे से सायं 5.30 बजे तक संपन्न होगी। यह जानकारी सत्संग भवन ट्रस्ट शामली रोड द्वारा दी गई है, जिसमें धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस भव्य आयोजन में आमंत्रित किया गया है।

# बाइक कंपनी पर कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में दी दस्तक

### लाखों की बाइक खड़ी-खड़ी जली, स्टूडियो को भी कर दिया पूरी तरह राख

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला रामपुरी निवासी मुकुल तीजवाल ने बुधवार को डीएम दरबार पहुंच एक शिकायती पत्र के माध्यम से अधिकारियों को बीते दिनों आई मुसीबत से रूबरू कराया। शिकायती पत्र में उसने बताया कि 3 फरवरी को बजाज कंपनी की एक प्रीमियम बाइक डोमिनार जानसठ रोड पर स्थित बजाज शोरूम से खरीदी थी।

पीड़ित मुकुल ने आरोप लगाया कि उसकी बाइक शुरू से ही दिक्कत कर रही थी और यह टेस्ट ड्राइव बाइक थी, जो एजेंसी ने उसे दी थी। पीड़ित मुकुल ने आरोप लगाया कि किसी कस्टमर की नई बाइक का सामान निकाल कर उसकी बाइक में डाल दिया गया था, जिसकी वजह से बाइक हीट अप हो रही थी। कलेक्ट्रेट में पहुंचे मुकुल ने बताया कि बाइक में आ रही इस समस्या की शिकायत उसने बजाज के ऑथराइज्ड डीलर की एजेंसी पर जाकर की गई थी।

पीड़ित मुकुल का आरोप है कि 17 मई 2023 को स्टूडियो के बाहर खड़ी बाइक अचानक से ब्लास्ट होकर जल गई, जिसकी वजह से स्टूडियो भी जलकर राख हो गया। उसने बताया कि उक्त डोमिनार बाइक बजाज की सबसे महंगी बाइक है, जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए है। बाइक के साथ-साथ स्टूडियो का लाइट सेटअप और हानिकॉम सेटअप सहित पूरा स्टूडियो ही जलकर राख हो गया। पीड़ित युवक ने डीएम से की गई अपनी शिकायत में इस मामले की जांच कराकर दोषी बजाज कंपनी से उचित मुआवजा दिलाए जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि उसके स्टूडियो के बाहर खड़ी हुई जलती बाइक का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल होने के कारण सामने आया है। डीएम दरबार में पहुंचा मामला हालांकि 20 दिन पुराना है, लेकिन जिस तरह से पीड़ित ने आज इस मामले में न्याय की मांग की है, उसे लेकर तमाम तरह की चर्चाएं आम हैं।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में एम.कॉम. तृतीय सेमेस्टर का वार्षिक परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा एम.कॉम. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एस.डी.कॉलेज ऑफ कॉमर्स का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस बार भी छात्राओं ने अपने वर्चस्व को कायम रखते हुए प्रथम तीनों स्थानों को अपने नाम किया। पल्लवी गर्ग 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम, सलोनी तोमर 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे तथा तीसरे स्थान पर निलाक्षी गोयल एवं युक्ति तनेजा ने संयुक्त रूप से 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल, विभागाध्यक्ष डा. रवि अग्रवाल एवं डा. नवनीत वर्मा (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर) द्वारा छात्राओं को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। सभी छात्राओं ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों को दिया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने बताया कि महाविद्यालय में सभी छात्र/छात्राओं को शैक्षणिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ उनके विकास में सहायक सभी प्रकार की तकनीकी व सांस्कृतिक गतिविधियों का वातावरण भी उपलब्ध कराया जाता है। डा. नवेद अख्तर, डा. सुरेशचन्द शुक्ला, डा. रिंकु एस. गोयल, डा. अतुल वर्मा, डा. अजय महेश्वरी, डा. माधुरी अरोरा, मानसी अरोरा, अमन वर्मा, नुपुर अरोरा, डा. मौ. नदीम, डा. जगमोहन सिंह, प्रशान्त, प्राची चौधरी, आशा मौजूद रहे।

## रियल एस्टेट कंपनियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**लखनऊ, 7 जून (एजेंसी)।** आयकर विभाग की टीम के लखनऊ, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और नोएडा में पिनटेल, अमरावी और एक्सेला बिल्डर के ठिकानों पर छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि कई ब्यूरोक्रेट्स ने इन कंपनियों के जरिए अपनी काली कमाई को रीयल एस्टेट के कारोबार में खपाने का काम किया है।

लखनऊ में आयकर विभाग की जांच इकाई ने बुधवार तड़के बिल्डर एवं ऑटोमोबाइल्स कारोबारी के कुल 36 ठिकानों पर छापामारी कर-के जांच शुरू की है। इनमें बिल्डर के 25 और ऑटोमोबाइल्स कारोबारी 11 ठिकानों में आवास, कारोबार स्थल, शोरूम शामिल हैं। रियल इस्टेट कंपनी अमरावती के रवि पांडेय एवं रजनीकांत मिश्रा के गोमतीनगर विपुलखंड स्थित आवास, सुल्तानपुर रोड स्थित प्रोजेक्ट स्थल एवं निरालानगर में अमरावती कंपनी के कार्यालय आदि में जांच चल रही है। आयकर अफसरों की एक टीम वृंदावन कॉलोनी में अमरावती कंपनी के सिलसिले में जमीनों की खरीद फरोख्त के दस्तावेजों को खंगाल रही है। आयकर विभाग के द्वारा ऑटोमोबाइल्स कंपनी ऑटोमूवर्स के मुखिया मंजीत सिंह तलवार एवं संजीत सिंह तलवार के निरालानगर स्थित आवास और फैजाबाद रोड सहित कई अन्य शोरूम पर अफसरों के द्वारा जांच की जा रही है।


**कार्यालय**
**अधिशासी अभियन्ता**
**मु0नगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर**

**प्रेस विज्ञप्ति संख्या-01/2023-2024**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के नियंत्रणाधीन जनपद मुजफ्फरनगर की सीमा के अन्तर्गत अवर अभियंता अनुभाग-मोरना के अनुभाग में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम सेतु निर्माण इकाई मेरठ, चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग की दायीं पटरी निर्माण परियोजना के अन्तर्गत अपर गंगा कैनाल (मुख्य गंगा नहर) पर चार नवीन सेतु निर्माण हेतु कुल 0.5703 हैक्टेयर संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं परियोजना में बाधक विभागीय भूमि में खड़े 30 वृक्षों का नीलाम गठित समिति द्वारा निम्नवत् किया जायेगा। नीलाम से सम्बंधित शर्तें उपखण्डीय कार्यालय तृतीय में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।

| क्र.सं. | नीलाम का प्रकार | नीलाम स्थल | नीलामी का दिनांक, दिन व समय | नीलामी बोली जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1- | निरगाजनी घूम सड़क चौड़ीकरण हेतु गैर वानिकी प्रयोग एवं परियोजना में खड़े 30 वृक्ष। | कार्यालय उपखण्ड तृतीय मुजफ्फरनगर खण्ड, गंगा नहर, मुजफ्फरनगर | दिनांक 14.06.2023 दिन-बुधवार समय - 12:00 बजे दिन। | नीलामी तिथि से दो दिन पूर्व 50,000.00 रु. (पचास हजार रुपये धनराशि मात्र) ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. जो 'अधिशासी अभियंता मुजफ्फरनगर' खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर के नाम बंधक होगी, खण्डीय कार्यालय के कोषागार में जमा करानी होगी। |

आर.ओ. संख्या - 190755 सू.एवं ज.सं.वि.-(विज्ञापन वर्गीकृत)
दिनांक : 05/06/2023
यह विज्ञापन www.up.gov.in से लिया गया है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**मुजफ्फरनगर खण्ड गंगा नहर, मुजफ्फरनगर**


# श्रीराम कॉलेज में बीजेएमसी तृतीय वर्ष के 29 विद्यार्थियों को वितरित किये स्मार्ट फोन



श्रीराम कॉलेज में सरकारी योजना के तहत स्मार्ट फोन वितरण में उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी।

### डिजिशक्ति पोर्टल पर किये गए पंजीकरण के सहारे हुआ था पात्र छात्र-छात्राओं का चयन, दी गई योजना की जानकारी

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के प्रांगण में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्ट फोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बीजेएमसी अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत 29 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्ट फोन वितरित किये गये। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में छात्रों को स्मार्ट फोन तथा टेबलेट वितरित किये जा रहे हैं। इस योजना के तहत वितरित किये गये स्मार्ट फोन सुविख्यात कम्पनी सैमसंग द्वारा निर्मित हैं, जो कि उच्च गुणवत्ता के तेज स्पीड के लिये जानी जाती है जिसमें सभी छात्रों का चयन डिजिशक्ति पोर्टल के माध्यम से हुआ।

समारोह में मुख्य अतिथि, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार तथा जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष रवि गौतम उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की महत्वपूर्ण योजना के अन्तर्गत छात्र तकनीकी रूप से सशक्त हो रहे हैं। निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि योजना के अंतर्गत वितरित स्मार्ट फोन से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो रहा है। प्रवक्ता रूबी पोसवाल, प्रवक्ता शिवानी बर्मन, मयंक वर्मा, कहकशाँ मिर्जा आदि उपस्थित रहे।

# शत्रु संपत्ति कुर्क कर तहसीलदार को प्रशासक बनाया, लगाया बोर्ड



**भोपा, 07 मई (बु.)।** गांव सीकरी में गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम के तहत ढ़ाई बीघा कृषि भूमि को शत्रु संपत्ति घोषित करते हुए जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कुर्क कर तहसीलदार को प्रशासक बनाया गया। जानसठ तहसील के नायब तहसीलदार जसविंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा व ओमप्रकाश चौहान, एसएसआई एसएन दहिया, विजयपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ बुधवार को गांव सीकरी में पहुंचे तथा प्रधान राजेंद्र सिंह को साथ लेकर जंगल में खसरा नंबर 546 पर पहुंचे तथा जावेद उर्फ कुल्हाड़ी की ढ़ाई बीघा कृषि भूमि को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश शत्रु संपत्ति घोषित करते हुए चेतावनी का बोर्ड चस्पा कर दिया तथा गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम के तहत कुर्क करते हुए तहसीलदार को प्रशासक बनाया गया।

## गृह कलेह में युवक ने खाया जहर, हालत गंभीर

**कांधला, 07 जून (बु.)।** कस्बे में 21 वर्षीय युवक ने गृह कलेह के चलते विषैले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसके चलते युवक की हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने गंभीर हालत में एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार शुरू करा दिया है। कस्बे में आये दिन युवकों के द्वारा तनाव से ग्रसित होकर विषैले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या करने का प्रयास के कई मामले सामने आ रहे हैं। बुधवार को भी कस्बे के मौहल्ला खैल निवासी 21 वर्षीय युवक ने गृह कलेह के चलते कीटनाशक विषैली दवा का सेवन कर लिया, जिसके चलते युवक की हालत अचानक बिगड़ गई। युवक का शोर शराबा सुनने के बाद परिजनों ने आनन-फानन में युवक को उपचार के लिये कस्बे के एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराकर उपचार शुरू करा दिया है।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**237 वर्ष पूर्व आइसक्रीम का पहला विज्ञापन जारी किया गया**



**नई दिल्ली 07 जून (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 08 जून की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैः-1557-इंग्लैंड ने फ्रांस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1655-यहूदियों ने रोम के खिलाफ बगावत की। 1658-औरंगजेब ने आगरा के किले पर कब्जा किया। 1707-बादशाह मुअज्जम (शाह आलम) ने आगरा के समीप जजाउ क्षेत्र में उत्तराधिकार की लड़ाई में बादशाह आजम को हराया। 1786-आइसक्रीम के लिए व्यावसायिक तौर पर पहला विज्ञापन बनाया गया। 1869-शिकागो के आइविस डब्ल्यू मैकजैफी के पहले वैक्यूम क्लीनर का पेटेंट हुआ। 1936-भारत के सरकारी रेडियो नेटवर्क का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो रखा गया। 1948-भारत की पहली विमान सेवा एयर इंडिया ने भारत और ब्रिटेन के बीच हवाई सेवा में शुरू की। 1949-स्याम का नाम बदलकर थाईलैंड किया गया। 1968-बरमुडा में संविधान को अंगीकार किया गया। 1972-इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर टॉनी ग्रेग ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट करियर का आगाज किया। 1982-ब्राजीली विमान ह्वबी-727ह्व दुर्घटनाग्रस्त होने से तकरीबन 130 लोगों की मौत हुई। 1992-ब्राजील में पहली बार वर्ल्ड ओशियन डे मनाया गया। 1997-पेरिस टेनिस प्रतियोगिता में भारत के महेश भूपति ने मिश्रित युगल खिताब जीतकर इतिहास बनाया। 2002-फिलीपींस के राष्ट्रपति ने आतंकवादी संगठन अबू सय्याफ के विरुद्ध अभियान शुरू कराया। 2008-दक्षिणी सोमालिया में ब्रिटिश पत्रकार की गोली मारकर हत्या।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 07 जून, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-
सोना- 61,800 चांदी-72,500
सिक्का- 850 गिन्नी- 46,000

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 07 जून, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- रसकट ढैया-1135, चाकू 1450-1585, लड्डू 1450-1580, खुरपापाड़ 1425-1470, शक्कर मसाला 1590। आमद-1000 मन।

### आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 08 जून, 2023**

**मेष-** बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, नवयोजना दृष्टिगत, आूथक-व्यावसायिक उन्नति, धर्म के प्रति आस्था, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा संतोषजनक।
**वृषभ-** आूथक प्रगति, दूसरों की सलाह से कामयाबी, सुसमाचार की प्राप्ति, नौकरी में प्रोन्नति, उत्तर दायित्व का निर्वाह, मित्र सहयोग।
**मिथुन-** समय असंतोषजनक, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, आत्मिक शांति का अभाव, धर्म के प्रति अरुचि, मित्रों से मतभेद, कर्ज से परेशान।
**कर्क-** विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, सामाजिक कृत्यों से सुयश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।
**सिंह-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मनोरंजन की ओर रुझान।
**कन्या-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, सुयश की प्राप्ति, यात्रा।
**तुला-** स्वास्थ्य विपरीत, पारिवारिक उलझनें, प्रेम सम्बन्धों में अड़चनें, पठन-पाठन में अरुचि, विरोधी सक्रिय, धनहानि की आशंका।
**वृश्चिक-** आूथक व्यावसायिक उन्नति का सुअवसर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, धार्मिक रुचि।
**धनु-** भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, आूथक उन्नति, धनागम का सुयोग, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर।
**मकर-** अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, घरेलू वातावरण सुखद, पठन-पाठन में रुचि।
**कुम्भ-** दिनचर्या अव्यवस्थित, सहयोगियों से विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में मतभेद, पठन-पाठन में अरुचि, नवीन समस्याए।
**मीन-** कुछेक समस्याओं का समाधान, नवयोजना दृष्टिगत, बकाए धन की प्राप्ति, वाद विवाद का समापन, वैवाहिक सम्बन्धों में सुधार, मानसिक शांति।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

## केशव प्रसाद मौर्य, राहुल गांधी

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्य, राहुल गांधी के विषय में विवादित वक्तव्य देकर कांग्रेस के निशाने पर आ गए हैं। इससे पहले राहुल गांधी अपने अमेरिका में दिए गए वक्तव्यों के कारण भाजपाइयों के तथा सोशल मीडिया यूजर के निशाने पर हैं। कई दिनों से राहुल गांधी ही न्यूज चैनलों की विषय वस्तु बने हुए हैं। मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी हर जिले में कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्य आगरा पहुंचे थे। वहां व्यापारी सम्मेलन में उन्होंने मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल का बखान किया। साथ ही विपक्षियों पर जमकर हमलावर हुए, मौर्य ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर विवादित वक्तव्य दे डाला। राहुल के अमेरिका दौरे को लेकर उनसे एक सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, उन्हें आगरा के अस्पताल में भर्ती करा देना चाहिए। इस बयान को सुनकर कांग्रेस भड़की हुई है। पार्टी ने लखनऊ सहित कई जिलों में प्रदर्शन का ऐलान किया है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा में गुंडों, अपराधियों और माफिया का कैसे पूरी तरह से जुड़ाव हो जाए, लोगों को कैसे परेशान किया जाए। इसके लिए काम हो रहा है। सपा का मतलब गुंडों, माफिया और अपराधियों का कैडर, उन्होंने आगे कहा कि सपा गुंडों, अपराधियों और माफिया की पार्टी है, जिसके सरदार अखिलेश यादव हैं। उनकी मानसिकता यह है कि प्रदेश में गुंडागर्दी कैसे बढ़े, लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे। अब गुंडागर्दी करने वालों, जमीन पर कब्जा करने वालों और दंगा फैलाने वालों की जगह जेल में है। उपमुख्यमन्त्री मौर्य ने मंच से व्यापारियों को 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही व्यापारियों का असली सुरक्षा कवच है। जिस तरह सभी विपक्षी दल 2024 में भाजपा की सरकार बनने से रोकने को एकजुट हो रहे हैं, वैसे ही सभी व्यापारी एकजुट होकर 2024 में बीजेपी की सरकार बनाकर दिखाएं। उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में भाजपा उत्तर प्रदेश में लोकसभा की सारी 80 सीटें जीतेगी। अखिलेश यादव की दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात पर उन्होंने कहा कि जितने बीजेपी विरोधी हैं, सब एक साथ मिल रहे हैं। वे भले ही मिल जाएं, लेकिन जनता उनसे मिलने वाली है। जनता ने तय कर लिया है, हमारे नेता मोदी जी हैं, उन्हें जिताएंगे, कमल खिलाएंगे, साइकिल पंक्चर करेंगे। अखिलेश और केजरीवाल की मुलाकात पर एक अन्य भाजपाई नेता का कहना है कि पंक्चर साईकिल और झाड़ू का कोई मेल नहीं है वैसे भी आजकल झाड़ू के आसपास ही कचरा इकट्ठा हो गया है, बल्कि अब तो झाड़ू ही कचरा बनी हुई लगने लगी है। राजस्थान से आ रही केशव प्रसाद मौर्य से जुड़ी खबर भी दिलचस्प है। जयपुर राजस्थान में माली समाज के महासंगम में केशव प्रसाद मौर्य के सामने अशोक गहलोत जिंदाबाद के नारे लगे। ऐसा तब हुआ जब मंच पर केशव प्रसाद मौर्य भाषण दे रहे थे, तभी माली समाज के लोगों ने गहलोत जिंदाबाद के नारे लगाना शुरू कर दिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से हजारों की तादाद में लोग शामिल हुए थे। विद्याधर नगर स्टेडियम में हुए इस माली महासंगम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। मौर्य के भाषण के दौरान पांडाल में मौजूद समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। लगातार हो रही नारेबाजी के कारण केशव प्रसाद मौर्य ने अपना भाषण बीच ही में छोड़ दिया। ओम बिरला भी कार्यक्रम को बीच ही में छोड़कर चले गए। केशव प्रसाद मौर्य से लेकर अन्य कई नेताओं ने राहुल गांधी पर सवाल उठाए हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने आवास पर इंडियन डिफेंस एस्टेट सर्विसेज के अफसरों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमें रियर व्यू मिरर में देखना चाहिए, इसमें देखकर उन लोगों को नोटिस करना चाहिए, जो देश के संस्थानों को कलंकित और नष्ट कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति के इस संबोधन को राहुल गांधी के बयान पर तंज माना जा रहा है। राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा था कि पीएम मोदी देश की गाड़ी को रियर व्यू मिरर देखकर चला रहे हैं। वे सिर्फ पीछे की तरफ देख रहे हैं और फिर हैरान हो रहे हैं कि हादसे पर हादसे क्यों हो रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने अफसरों से कहा कि रियर व्यू मिरर में देखने के बाद आप जान पाएंगे कि किन लोगों का देश के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। आप रियर व्यू मिरर में इसलिए देखते हैं, ताकि एक्सीडेंट करने पर उतारू लोगों से बच पाएं। धनखड़ बोले, कुछ भ्रमित लोग देश की क्षमता और उपलब्धियों के बारे में कन्फ्यूज रहते हैं। वे इस पर गर्व नहीं करते। देश और विदेश में बैठे कुछ लोग हमें जांचने की कोशिश कर रहे थे। हम उन्हें इसकी परमिशन नहीं दे सकते। भाजपा प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने भी राहुल गांधी को घेरा है। राहुल गांधी भारत में लोकतंत्र को खतरा बताते हुए लगातार मोदी सरकार को निशाने पर ले रहे थे, इस बीच व्हाइट हाउस ने भारत में लोकतंत्र को लेकर एक बयान दिया है, जिसके सहारे बीजेपी ने राहुल गांधी को घेरा है। बीजेपी प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने इसे 'कांग्रेस के युवराज पर जोरदार थप्पड़' बताया है। जफर इस्लाम ने ट्वीट कर कहा कि यह विडंबना है कि व्हाइट हाउस भारत को एक जीवंत लोकतंत्र बताता है, जबकि राहुल गांधी अमेरिका में अपनी यात्रा के दौरान 'बेशर्मी' से भारत के लोकतंत्र की आलोचना करते हैं। जफर इस्लाम व्हाइट हाउस प्रवक्ता जॉन किर्बी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है और जो दिल्ली जाए वो इस बात को देख सकता है। व्हाइट हाउस की नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल में रणनीतिक संवाद के संयोजक जॉन किर्बी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। कोई भी जो नई दिल्ली जा रहा हो, इस बात को देख सकता है, और हां, निश्चित रूप से मैं यह उम्मीद करता हूं लोकतांत्रित संस्थानों की ताकत और उनका स्वस्थ होना हमेशा चर्चा का हिस्सा होगी। जॉन किर्बी के इस बयान ही को जफर इस्लाम ने कांग्रेस के युवराज पर जोरदार तमाचा बताया है। उन्होंने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय लोकतंत्र सुरक्षित है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"विद्वान" "पुस्तकें" "ज्ञान" "जीरो"

कहने को विद्वान हूँ पर बात से लगता नहीं,
पुस्तकें पढ़ ली हजारों ज्ञान जीरो ही रहा।
ज्ञान मनवाने के चक्कर ही में मैं पकड़ा गया,
अक़्लमंदी को जताना बेवकूफी हो गया।

रस्म पगड़ी



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य
श्री राजकुमार अग्रवाल जी
का स्वर्गवास दिनांक 29-05-2023, दिन- सोमवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी दिनांक 08-06-2023
दिन-बृहस्पतिवार को निम्न कार्यक्रमानुसार सम्पन्न होगी
ब्रह्मभोज ........................ दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी ........................ दोपहर 2:00 बजे
स्थान : अग्रवाल धर्मशाला, अबूपुरा, मुजफ्फरनगर
-: शोकाकुल परिवार :-
रामकुमार अग्रवाल, (भाई) ऊषा अग्रवाल (धर्मपत्नी)
विजय अग्रवाल, अजय व विश्वरूप (भाई) आशीष अग्रवाल-दीप्ति (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रवीण, मनीष, हर्षित, आयुष (भतीजे)
-: प्रतिष्ठान :-
• कुमार स्कूटर्स, 9-आर्य समाज रोड, मुजफ्फरनगर
• कुमार स्टोर अबूपुरा, मुजफ्फरनगर
-: निवास स्थान :-
45-अबूपुरा (पश्चिमी), मुजफ्फरनगर
M. 9219112132, 9873021853, 9130682828

## युवक से 1 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद

**बुढ़ाना, 07 जून (बु.)।** एक युवक के पास से स्थानीय पुलिस ने एक किलोग्राम से भी अधिक नशीला पदार्थ अवैध गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बुढ़ाना सीओ विनय गौतम के पर्यवेक्षण में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज गजेंद्र सिंह ने बसी खुर्द रोड पर गश्त करने के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर अपने हमराह हैड कांस्टेबल निर्वेश कुमार, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल नकुल सांगवान और कांस्टेबल सुधीर कुमार के सहयोग से संदिग्ध हालत में खड़े एक युवक को पकड़कर उसकी तलाशी ली, तो पुलिस टीम ने उसके पास से एक किलो 50 ग्राम नशीला अवैध पदार्थ गांजा बरामद किया।

पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम महबूब पुत्र सीनू निवासी ग्राम नंगला रियावली थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर बताया। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।

# पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय : डीएम

### -जनपद में वन महोत्सव के अन्तर्गत 29 लाख 24 हजार 280 पौधों को किया जायेगा रोपित



**मुजफ्फरनगर, 07 जून (सूवि)।** डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने कहा कि 01 जुलाई से 07 जुलाई तक वन महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में 29 लाख 24 हजार 280 पौधों को रोपित किया जायेगा। डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी आज कलैक्ट्रेट सभागार में वन महोत्सव के अन्तर्गत किये जाने वाले वृक्षारोपण के सम्बन्ध में विभागवार समीक्षा कर रहे थे। डीएम ने निर्देश दिये कि आवंटत लक्ष्य के अन्तर्गत सभी विभाग पौधारोपण का कार्य पूर्ण करेगें। पर्यावरण को सन्तुलित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना होगा, जिसमें विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित कर दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान तथा अन्य ग्रामीण लोग भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाये। उन्होंने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि पौधों की सुरक्षा बच्चों के समान करना सुनिश्चित किया जाये, जिससे वे पुष्पित और पल्लिवित हो सके। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पहले पानी की समस्या नहीं देखी अब देख रहे हैं। पहले हम तालाब, कुओं और नदियों का पानी पीते थे, क्योंकि पानी साफ रहता था, प्रकृति का दोहन नहीं होता था, जब से आदमी अपने विकास विज्ञान की ओर बढ़ा है, उतने ही तालाब, नदियां व पर्यावरण दूषित हुआ है। पेड़ों के अत्याधिक कटान से आक्सीजन आदि की समस्या निकट भविष्य में भयंकर रुप ले लेगी। पहले सब जगह पेड़, पौधे और चारों तरफ पेड़ों की हरियाली नजर आती थी, जो मानव के विकास के साथ पेड़ों के अन्धाधुन्ध कटान के कारण दैवी आपदायें आती है। हमें अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण बचाव के लिये पेड़ लगाने होंगे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पौधे लगाने के लिए भूमि का चिन्हांकन कर उपलब्ध भूमि की सूचना प्रभागीय निदेशक वानिकी को उपलब्ध करायेंगे। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाये। आमजन स्वयं भी वृक्षारोपण करे और दूसरे लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि यदि हम जागरूक नहीं होंगे, तो इसका खामियाजा हमारी आने वाली पीढ़ी को उठाना पड़ेगा। उनके भविष्य को सुरक्षा देने के लिए पानी की बचत उसका सरंक्षण व वृक्षारोपण करना ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि जितने लोग उतने ही वृक्ष सूत्र वाक्य पर वृक्षारोपण करना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया, प्रभागीय निदेशक वानिकी कन्हैया लाल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आचार संहिता उल्लंघन के मामले में उमेश मलिक कोर्ट से बरी

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में अदालत ने आरोपी पूर्व विधायक उमेश मलिक को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। बुधवार को विशेष न्यायायल (एमपी/एमएलए कोर्ट) के पीठासीन अधिकारी मयंक जायसवाल ने यह फैसया सुनाया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पांच फरवरी 2012 के विधानसभा चुनाव में कस्बा शाहपुर में सत्यपाल के मकान पर भाजपा नेता उमेश मलिक का कार्यालय संचालित हो रहा था। अधिकारियों के मुआयने में इस कार्यालय पर भारी मात्रा में चुनाव सामग्री जमा मिली थी। कार्यकताओं के लिए खाना तैयार होने और बांटे जाने का आरोप था। मौके पर खड़े वाहनों की कोई अनुमति नहीं ली गई थी। मामले में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत तत्कालीन थानाध्यक्ष एसएस चौधरी ने मुकदमा कायम कराया था। पुलिस ने तफ्तीश के बाद आरोप पत्र दाखिल किया। मामले का परीक्षण विशेष न्यायाधीश (एमपी एमएलए कोर्ट) में हुआ। बचाव पक्ष के अधिवक्ता श्यामवीर सिंह ने बताया अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद पूर्व विधायक उमेश मलिक को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के लगे आरोपों से मुक्त करते हुए बरी किया है।



## व्यापारियों ने डीएम से की मुलाकात, साप्ताहिक बंदी करायी लागू

**कैराना, 07 जून (बु.)।** नगर के व्यापार मंडल व सर्राफा यूनियन पदाधिकारियों ने डीएम से मुलाकात कर नगर में साप्ताहिक बंदी लागू करायी। नगर में बुधवार को साप्ताहिक बंदी घोषित है, लेकिन कुछ दुकानदारों के कारण साप्ताहिक बंदी मजाक बनकर रह गई थी, जिस कारण बुधवार सुबह भी नगर के बेगमपुरा, चौक बाजार व जोड़िया कुआ पर कुछ दुकाने खुली नजर आ रही थी, जिस पर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल गुप्ता, सर्राफा यूनियन अध्यक्ष राकेश वर्मा, प्रदीप कुमार, अंकुर व राहुल बंसल आदि ने शामली पहुचकर डीएम रवीन्द्र सिंह से मुलाकात की तथा साप्ताहिक बंदी पुरी तरह लागू कराने को कहा, जिसके बाद डीएम के आदेश पर श्रम प्रर्वतन अधिकारी विप्लव दीक्षित ने कैराना पहुंचकर साप्ताहिक बंदी लागू करायी। इस दौरान श्रम प्रर्वतन अधिकारी ने तीन दुकानें खुली मिलने पर उन्हे नोटिस जारी कर दिए। श्रम प्रर्वतन अधिकारी ने बताया कि वो प्रत्येक बुधवार को कैराना में साप्ताहिक बंदी लागू करायेंगे।

## प्रकाशानंद महाराज ने लगाया षड़यंत्र के तहत उत्पीड़न का आरोप



**भोपा, 07 मई (बु.)।** तीर्थनगरी शुकतीर्थ में महाशक्ति सिद्धपीठ की संचालिका योगिनी मां राजनंदेश्वरी की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को आश्रम के संरक्षक योगीराज प्रकाशानंद महाराज ने कहा कि कुछ लोगों के द्वारा उनके विरुद्ध षड़यंत्र कर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। वह पुलिस प्रशासन की हर जांच के लिए तैयार है। उन्होंने 11 जून को आश्रम में होने वाली षोड़सी में भी आपराधिक घटना को अंजाम देने का अंदेशा जताया है। आश्रम के संरक्षक योगीराज प्रकाशानंद महाराज ने बताया कि योगिनी राजनंदेश्वरी के साथ मिलकर शुकतीर्थ में करीब 18 बीघा जमीन खरीद की थी। गांव की जमीन बेचकर करोड़ों की लागत से महाशक्ति सिद्धपीठ आश्रम की स्थापना की। बीते पांच मार्च 1994 को चार वर्ष के बालक चन्द्रमा ब्रहमचारी को गोद लिया था, जिसका गोदनामा उप निबन्धक कार्यालय तहसील जानसठ में बीते 27 जुलाई 2019 को पंजीकृत कराया था। बीते 27 मई को राजनन्देश्वरी का आकस्मिक निधन हो गया था। आश्रम की समस्त चल व अचल सम्पत्ति प्रकाशानन्द व उनके दत्तक पुत्र चन्द्रमा ब्रहमचारी के नाम है। कुछ लोगों के द्वारा राजनंदेश्वरी के निधन के बाद अनर्गल आरोप लगाकर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है तथा उन्हें आश्रम छोड़ देने की धमकियां दी जा रही हैं। उनके विरूद्ध साजिश कर प्रशासन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। 11 जून को राजनंदेश्वरी की षोडसी में कुछ लोग बखेड़ा कर किसी अपराधिक घटना को अंजाम दे सकते हैं। बीते मंगलवार को एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव व सीओ भोपा राम आशीष यादव के समक्ष अपनी बात रख चुके हैं तथा सभी कागजात भी दिखाए। वह सभी प्रकार की निष्पक्ष जांच के लिए तैयार हैं।

## आईआईटी के प्रधानाचार्य के साथ मारपीट, एनसीआर दर्ज

**कैराना, 07 जून (बु.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा छात्रों को ठीक से शिक्षा देने की बात कहने से क्षुब्ध टीचर ने प्रधानाचार्य के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित प्रधानाचार्य ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कैराना क्षेत्र के ऊंचागांव स्थित राजकीय औद्योगिक संस्थान के प्रधानाचार्य जहीर आलम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि परीक्षाएं बहुत जल्द होंगी, जबकि टीचर सतपाल निवासी जनपद जींद हरियाणा की कक्षा में बहुत ही कम छात्र आते हैं। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने सतपाल को कहा कि परीक्षाएं नजदीक हैं तथा तुम्हारी कक्षा में छात्र नहीं है, जिस कारण छात्रों का भविष्य खराब हो जायेगा। आरोप है कि इस बात से क्षुब्ध होकर आरोपी टीचर ने गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी अन्य स्टाफ ने उनकी जान बचायी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में आरोपी के विरुद्ध एनसीआर दर्ज कर ली है।

## सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की आशंका वाले नेताओं की कुंडली तैयार

**मेरठ, 7 जून (एजेंसी)।** शासन के आदेश पर बन रही बवालियों की सूची में मेरठ जिले के कई नेताओं के नाम भी शामिल किए गए हैं। थाना स्तर पर बनाई जा रही सूची में उन लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, जिन पर अंदेशा है कि वह कभी भी सांप्रदायिक हिंसा भड़काकर माहौल खराब कर सकते हैं। सूची में पश्चिमी यूपी के कई बड़े और सक्रिय राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हैं, जो महत्वपूर्ण पदों पर हैं। वे अक्सर ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। हालांकि सूची में नाम शामिल होने का मतलब यह नहीं है कि वे अपराधी हो गए, लेकिन पुलिस की तरफ से यह नाम इसलिए जोड़े गए हैं ताकि इन लोगों पर नजर रखी जा सके। इस तरह की कोई घटना होती है तो शासन के पास ऐसे लोगों का रिकॉर्ड रहे और उन पर समय रहते शिकंजा कसा जा सके। इस सूची को इतने गोपनीय तरीके से तैयार किया जा रहा है कि स्थानीय स्तर पर किसी को भी इसकी भनक नहीं है। अपराध के साथ-साथ पश्चिमी यूपी राजनीतिक दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील है। यहां पर सांप्रदायिक मामले, आतंकी गतिविधियां, रोहिंग्यों की आवाजाही रहती है। इसके अलावा लव जिहाद के मामले भी सामने आते रहे हैं। हाल ही में मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र से भी एटीएस की टीम ने चार बांग्लादेशियों को पकड़ा है, जो अपनी पहचान छिपाकर यहां रह रहे थे। जिन्होंने अपने आधार कार्ड भी फर्जी बनवा रखे थे। वर्ष 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर के खिलाफ भी मेरठ में दंगे हुए थे। पुलिस की तरफ से जिन लोगों के नाम सूची में डाले गए हैं, उनके बारे में कई तरह की जानकारी ली गई है।

## इस्सौपुरटिल प्रधान को मिला मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार

**कांधला, 07 जून (बु.)।** ग्राम पंचायत इस्सौपुरटिल को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत जिले में प्रथम स्थान व प्रदेश में द्वितीय स्थान मिला है। चयनित पंचायत को 11 लाख रुपये नकद राशि बतौर पुरस्कार मिला है। खण्ड विकास में कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान का जोरदार स्वागत भी किया गया। ग्राम पंचायत इस्सौपुरटिल विकास कार्यो पर पूरी तरह से खरी उतरी है। ग्राम प्रधान राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के चलते उन्हे लखनऊ इन्द्रा प्रतिष्ठान भवन गोमती नगर बुलाया गया था, जहां पर मुख्यमंत्री सहित अन्य कैबिनेट मंत्रियों के द्वारा सम्मानित कर प्रशस्ति-पत्र दिया गया और विकास के लिये प्रथम पुरस्कार कर 11 लाख की धनराशि दी गई। खण्ड विकास के हाल में ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान इस्सौपुरटिल राजेन्द्र सिंह का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान हरेन्द्र सिंह, संदीप, शिवकुमार, रणबीर सिंह, संदीप फौजी, बीडीओ सुनील कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कोल्हापुर में औरंगजेब पर पोस्ट को लेकर हिंसक झड़प

**कोल्हापुर, 7 जून (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में औरंगजेब की तारीफ में एक सोशल मीडिया पोस्ट औरस्टेटस पर औरंगजेब की फोटो लगाने को लेकर बुधवार को दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। इसमें दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। कोल्हापुर के रढ महेंद्र पंडित ने बताया कि मंगलवार को वॉट्सऐप ग्रुप पर औरंगजेब की तारीफ में कुछ लोगों ने एक पोस्ट वायरल किया था। बुधवार को इसके विरोध में हिन्दू संगठनों ने कोल्हापुर बंद का ऐलान किया था। वे इन लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। एसपी पंडित के मुताबिक, हिन्दू संगठनों ने आज शहर के दशहरा चौक, टाऊन हॉल, लक्ष्मीपुरा आदि इलाकों में पथराव करते हुए प्रदर्शन किया।

आवश्यकता है
ड्राइवर 2 पद
इनोवा / ब्रेज़ा /ऑटोमेटिक गाड़ी चलाने हेतु
लॉन्ग रूट के अनुभवी वाहन चालक की आवश्यकता है।
आयु – 28 से 50 वर्ष
वेतन योग्यनुसार
सम्पर्क करें – 8954844258 | समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
स्थान : नन्द गाँव बैंकट हॉल, वहलना चौक, मुजफ्फरनगर

## लोक निर्माण विभाग का धरना पांचवे दिन भी रहा जारी



**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज सिंह के खिलाफ चल रहा कर्मचारियों का धरना बुधवार को पांचवे दिन भी जारी रहा। इस दौरान अपने ही अधिकारी द्वारा अभद्र व्यवहार से आहत कर्मचारियों ने धरने पर ने ऐलान किया कि तमाम प्रयासों के बावजूद अधिशासी अभियंता का शासन स्तर पर तबादला नहीं किए जाने के विरोध में गुरूवार से अब कर्मचारी अपने सम्मान की खातिर संपूर्ण कार्य बहिष्कार के लिए बाध्य होंगे। अपने ही अधिकारी के अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौच का उक्त मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

बीते 5 दिनों से अपनी मांगों को लेकर लोनिवि निर्माण खंड-एक के भोपा पुल के नीचे स्थित कार्यालय परिसर में चल रहे धरने में बुधवार को अवर अभियंता, मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के सदस्यों, नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ, राजकीय वाहन चालक संघ के सदस्य-कर्मचारी शामिल हुए। धरने की अध्यक्षता कृष्ण कुमार और संचालन मुकेश कुमार ने किया। वक्ताओं ने कहा कि अधिशासी अभियंता नीरज सिंह का व्यवहार असहनीय है, ऐसे में जब तक इस अधिशासी अभियंता का जिले से स्थानांतरण नहीं होता, तब तक उनका धरना और कार्य बहिष्कार इसी तरह से जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि 7 जून को स्थानांतरण नहीं किए जाने के बाद अब वह सभी संपूर्ण कार्य का बहिष्कार करेंगे। धरने पर इस दौरान मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह, मेहर सिंह, विकास कुमार, रजनीश कुमार, विपिन कुमार, नैन सिंह, सुरेश गिरी, शारदा लाल मिश्रा, रामपाल, अजय कुमार, राकेश कुमार, सुशील कुमार मौजूद रहें।

आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका
फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों
किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी
NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।
दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।
किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी
वर्ष बचायें सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ वर्ष बचायें
के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।
COURSE OFFERED
B.A. B.Sc. B.Com. M.A.
M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.
M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA
अधिकृत अध्ययन केन्द्र
अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर
विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें
NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें
Phone No. : 0131-2615405, 2433717,
M. 9837640120, 9837108280
नोट : टीचर्स की आवश्यकता है



## पंजाबी सत्संग मंदिर मल्हूपुरा के अध्यक्ष बने विजय वर्मा

**मुजफ्फरनगर, 07 मई (बुस.)।** आज पंजाबी सत्संग मंदिर मल्हुपुरा में एक मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से विजय वर्मा को अध्यक्ष, सुदर्शन अरोरा को महामंत्री एवं प्रदीप उत्तरेजा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मीटिंग में नानक चंद तरीका, प्रमोद अरोरा, महिंद्र जलोत्रा, सुरेंद्र जलोत्रा, रितेश तरीका, राम प्रकाश अरोरा, अजय अरोरा, भुवनेश ग्रोवर, पंडित योगेश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे और साथ ही साथ मीटिंग में यह भी तय किया गया कि मंदिर का भवन काफी पुराना बना हुआ है, जिसमें अनेकों बदलाव की जरूरत है, जिसके लिए एक भवन निर्माण कमेटी बनाकर इसमें बदलाव व सुधार की जा सके और आसपास के लोग मंदिर में जाकर धार्मिक लाभ प्राप्त कर सकें। आपको बताते चलें कि यह मंदिर काफी पुराना व प्रसिद्ध मंदिर है और इसकी मान्यता भी बहुत है। इस मंदिर में प्रत्येक वर्ष अनेकों कथायें व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ करते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों से कोरोना की वजह से कुछ भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाए। समिति ने निर्णय लिया जल्दी भवन निर्माण को ठीक कराकर उन्हें धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा।

## मस्जिद से दो बड़े बैटरे हुए चोरी

**बुढ़ाना, 07 जून (बु.)।** एक किशोर मस्जिद में जमात ठहराने की बात बताकर मस्जिद से दो बडे बैटरे चोरी करके फरार हो गया। ग्रामीण आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालकर चोर का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में आज बुधवार की सुबह एक किशोर हाजी तनवीर खान और हाजी अजीज सिद्दीकी के पास आया और बोला कि मस्जिद की चाभी दे दो। मदीनपुर खिजरपुर गांव के पास जमात खड़ी है। जमात में शामिल साथी आने वाले हैं। इतने में वह मस्जिद की सफाई कर लेगा, तब दोनों ने किशोर पर भरोसा कर उसको मस्जिद की चाभी दे दी। थोड़ी देर बाद जब दोनों मस्जिद में आए, तो उनकी सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई, क्योंकि मस्जिद का ताला खुला पड़ा था और मस्जिद के अंदर रखे दोनों बड़े बैटरे अपने स्थानों से गायब थे, जबकि बैटरी का तेजाब बर्तनों के ऊपर गिरा हुआ था, जिसमें बर्तन भी नष्ट हो गये थे, तब उन्होंने शोर मचाया तो भीड़ एकत्रित हो गई और किशोर की तलाश पूरे गांव में की, लेकिन उसका कोई भी पता नहीं लग पाया है। अब ग्रामीणों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर चोर का पता लगाने का प्रयास शुरू कर दिया है। बुढ़ाना पुलिस को भी ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना दे दी गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले सप्ताह भी भसाना गांव की मस्जिद से भी इसी तरह से एक बड़ा बैटरा चोरी कर लिया गया था।

## काकड़ा में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

**शाहपुर, 07 जून (बु.)।** क्षेत्र के गांव काकड़ा के कृष्णा राज विद्या मंदिर में आयोजित निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 215 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराकर उपचार कराया। शिविर का शुभारंभ केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के भाई विवेक बालियान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निशुल्क कैंप लगाकर मानव सेवा करना बड़ा ही महान कार्य है।

इस तरह के आयोजन ग्रामीण अंचल में होने से गरीब असहाय लोगों को लाभ मिलता है। शिविर में आए मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां दी गई। एडीके जैन नेत्र अस्पताल खेकड़ा से चिकित्सको की टीम में डॉ. संजय शर्मा, डॉ. सोमपाल मलिक, डॉ. सुमित के अलावा स्कूल के प्रबंधक सुरेंद्र शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी राज वत्स, किट्टू रानी आदि में मरीजों की मुफ्त जांच करा कर दवाई दी।

## नगर पंचायत के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक सम्पन्न



**चरथावल, 07 जून (बु.)।** नगर पंचायत के नवगठित बोर्ड की पहली बैठक संपन्न हुई। मीटिंग में 20 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के बजट के प्रस्ताव विपक्षी सभासदों के विरोध के कारण पारित नहीं हो पाए। बोर्ड की बैठक में विपक्षी गुट के नौ सदस्यों ने आपत्ति जताई। उसमें पेयजल और निर्माण कार्यों नाला निर्माण के लिए प्रस्ताव भी पारित नहीं हो पाए है। पहला प्रस्ताव 20 करोड़ रुपये से नगर के विकास सौंदर्यकरण का रखा गया, लेकिन विपक्षी गुट के नौ सदस्यों पारित कराने के लिए प्रस्ताव रखा गया। नव निर्वाचित वार्ड के नौ सदस्यों आमना, डोली, मोहम्मद सलीम, विरेंद्र त्यागी, अंकित गोयल, अभिवन कुमार, मोहम्मद सुहैल, सुभाष कुमार एवं अनिल कुमार ने विरोध किया, जबकि प्रस्ताव के पक्ष में पांच सदस्य रूबी, गुलफाम कुरैशी, नय्यूम त्यागी, फरहा और ताहिरा रहे। शासन द्वारा पेयजल आदि योजनाओं के लिए बड़ी राशि अवमुक्त है। इस प्रस्ताव पर भी नौ सदस्यों ने विरोध किया। दोनों प्रस्ताव विरोध के कारण मंजूर नहीं पाए। इस संबंध में कार्रवाई रजिस्टर में उल्लेख किया गया। चेयरमैन ने बताया कस्बे के विकास के प्रस्ताव कराने के लिए अगली बैठक खुली बुलाई जाएगी, जिसमें शासन के जन प्रतिनिधियों एवं आम जन को आमंत्रित होंगे। नगर पंचायत में सफाई के संसाधनों के लिए 15 साल पुराने वाहन गल गए हैं। उन्हें नीलाम कराने, बरसात से पूर्व नालों की सफाई और प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने का प्रस्ताव मंजूर हो गया। गर्मियों में सफाई कर्मचारियों को नई वर्दी दिए जाने पर सहमति बनी। खराब पड़े नौ वाटर कूलरों को ठीक कराकर चालू कराने और बंद पड़े दो ट्यूबवैलों को चालू कराने पर विचार किया गया। पुराने चैनल और खराब बैटरों की नीलामी कराने का प्रस्ताव हुआ। चेयरमैन इस्लामुद्दीन ने बैठक से पूर्व कस्बे का सर्वे कराया है। उन्होंने बताया 90 हैंडपंपों में 32 खराब हैं। चार नलकूपों में दो नहीं चल रहे हैं। बंद नए लगे नलकूपों की पाइप लाइन आदि सामान भी नहीं मिल रहा है। नलकूपों पर लगे 10 सबमर्सिबल पंप खराब पड़े है। उनकी जांच कराई जा रही है। नगर की बाहरी सीमा मुख्य मार्गो पर लगी 388 स्ट्रीट लाइटों में पोल से 181 नहीं जलती है। 80 लाइट खंभों पर ही नहीं है। 17 पोल गले हैं। कस्बे के अंदर 196 लाइट हैं। प्रकाश व्यवस्था माकूल रखने का प्रस्ताव पारित हुआ। पिछली मिली खामियों के संबंध में ठेकेदारों को नोटिस भेजा जा रहा है। यदि उनकी समयावधि पूरी हो गई है, तो नए टेंडर कराकर कार्य पूरा कराया जाएगा। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार जताया है। बैठक में ईओ नीलम पांडे मौजूद रहे।

30 बीघा जमीन
बिकाऊ है
सरकारी रेट पर
बस्ती के बीच में
(ग्राम शेरनगर)
999 000 4719

## भाजपा नेता के युवा पुत्र का निधन



**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** भाजपा नेता तथा दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत के युवा पुत्र वासु का दुखद निधन हो गया। 19 वर्षीय वासु तीन दिन पूर्व भोपा रोड पुल पर एक्टिवा से आ रहा था। तभी एक बाइक सवार ने उसे साइड मार दी और वह नीचे गिरा व उसका सिर फुटपाथ से टकराने के कारण गंभीर चोट आई। तभी से उसे भोपा रोड के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो दिन ठीक रहने के बाद आज सुबह अचानक बीपी गिरने के बाद उसका निधन हो गया। नई मंडी श्मशान घाट पर शाम के समय उसका अंतिम संस्कार किया गया। गांधीनगर में लाल कोठी के पास उनके आवास पर शोक जताने वालों का तांता लग गया। तमाम लोगों ने इस शोक की घड़ी में परिवार के प्रति सांत्वना जताई है।

## 'तू मुस्लिम है, हिंदू लड़के के साथ घूम रही', मुस्लिम युवती से बदसलूकी, आरोपी अरेस्ट

**मेरठ, 7 जून (एजेंसी)।** मेरठ में हिजाब पहने मुस्लिम युवती से बदसलूकी का वीडियो सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि लालकुर्ती पैंठ बाजार में एक युवती हिंदू लड़के के साथ घूम रही है। तभी दोनों को भीड़ घेर लेती है। भीड़ से एक युवक बार-बार युवती से हिंदू युवक के साथ घूमने पर सवाल पूछता है। चारों तरफ से घिरी युवती रोने लगती है। मगर, भीड़ युवती की बात नहीं सुनती। युवक खुद को एआईएमआईएम का अध्यक्ष बताकर युवती को टॉर्चर करता है। उससे आईडी मांगता है। वह कहता है, "तू मुस्लिम है, हिंदू के साथ घूम रही हो।" घटना 5 जून की है, लेकिन वीडियो बुधवार को सामने आया है। 5 जून को हिजाब पहनकर एक मुस्लिम युवती हिंदू दोस्त के साथ बाजार गई। बीच बाजार उन दोनों को भीड़ ने घेर लिया। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवती ने चेहरे को मास्क से कवर किया है। काली टी-शर्ट पहने लंबे बालों वाला एक युवक बार-बार युवती से सवाल पूछ रहा है। आरोपी युवक खुद को असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एमआईएमआईएम का शहर अध्यक्ष बता रहा है। वह युवती के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। भीड़ युवती का वीडियो बनाती है। युवती बार-बार वीडियो न बनाने की बात कहती है। रढ सिटी पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद आरोपी उमेर को गिरफ्तार कर लिया गया है। केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ठाकुर के साथ पहलवानों की सार्थक वार्ता

### नाबालिग पहलवान ने बृजभूषण के खिलाफ बयान बदले

**रेवाड़ी, 7 जून (एजेंसी)।** पहलवानों की केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ बैठक के बीच नाबालिग पहलवान ने कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण के खिलाफ लगाए यौन शोषण के आरोप वापस ले लिए हैं। बृजभूषण पर अब सिर्फ छेड़छाड़ के आरोप हैं। नाबालिग पहलवान के पिता ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा-" हमने 5 जून को कोर्ट में बयान बदल दिए थे। मै ये नहीं कहना चाहता कि किसने धमकी दी है। मेरा भी परिवार है। अगर मेरे को कुछ हो गया तो मेरा परिवार बर्बाद हो जाएगा। मुझे डर लग रहा है। हमारे अंदर भेदभाव का गुस्सा था। फेडरेशन के अंदर अपील की लेकिन उन्होंने भी नहीं सुनी। हमने जो एप्लीकेशन दी, उसमें कुछ सच और कुछ गलत था। मैंने सही और गलत को कोर्ट में जाकर क्लियर कर दिया है। मेरा पूरा परिवार डिप्रेशन में है। इससे पहले रेसलर बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक की बुधवार को दिल्ली में खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ 6 घंटे की मैराथन मीटिंग हुई। मीटिंग के बाद रेसलर साक्षी मलिक ने कहा- " सरकार ने जांच पूरी करने के लिए 15 जून तक का टाइम मांगा है। तब तक उन्हें किसी तरह के प्रदर्शन न करने की अपील की है। हालांकि पहलवानों का आंदोलन अभी खत्म नहीं हुआ है।" बजरंग पूनिया ने कहा- "आज की मीटिंग के बारे में खाप प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। सबकी सहमति से ही किसी निर्णय पर पहुंचा जाएगा। बृजभूषण की गिरफ्तारी के सवाल पर भी खेल मंत्री ने जांच पूरी होने और उसके आधार पर कार्रवाई की बात कही।" खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा-" अच्छे माहौल में संवेदनशील मुद्दे पर सकारात्मक बातचीत हुई। मीटिंग में आरोपों की जांच कर 15 जून तक चार्जशीट दायर करने, हऋक्का चुनाव 30 जून तक करने, हऋक्में महिला अध्यक्ष की अगुआई में इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने, संघ के चुनाव होने तक आईओए की एडहॉक कमेटी पर 2 कोच का नाम प्रस्तावित करने और फेडरेशन के चुनाव में खिलाड़ियों से रायशुमारी पर सहमति बनी। निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण सिंह व उनसे संबंधित लोग चुनकर न आएं, ये रेसलर्स की मांग की थी। महिला खिलाड़ियों को जरूरत के अनुसार सिक्योरिटी मिले। जिन खिलाड़ियों, अखाड़ों या कोचों के खिलाफ केस हैं, उन्हें वापस लेने की मांग की गई"।

## केरल सरकार ने राहुल से कर्मचारी भी छीने

**नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं लेती। पहली सांसदी गई फिर बंगला गया और अब एक और झटका। संसद सदस्यता छिनने के कई महीनों बाद केरल सरकार ने अपने दो कर्मचारियों को वापस ले लिया है।

## मणिपुर में भीड़ ने मां-बेटे समेत 3 को जिंदा जलाया

**इंफाल, 7 जून (एजेंसी)।** मणिपुर की राजधानी इंफाल में 3 मई से मैतेई और कुकी समुदाय के लोगों के बीच हिंसक झड़प हो रही है। इस बीच भीड़ ने मां-बेटे समेत दो महिलाओं को जिंदा जला दिया है। तीनों को इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था। रास्ते में करीब 2000 लोगों की भीड़ ने उन पर हमला कर दिया और गाड़ी में आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक, बाद में राख से सिर्फ हड्डियां मिलीं। घटना रविवार की है, इसकी पूरी डिटेल दो दिन बाद सामने आई। मृतकों की पहचान 7 साल के टॉन्सिंग हैंगिंग, उनकी मां मीना हैंगिंग और उनकी रिश्तेदार लिडिया लौरेम्बम के रूप में की गई है। मारे गए तीनों लोग 3 मई से असम राइफल्स कैंप में रह रहे थे। यह जगह इंफाल से लगभग 15 किमी दूर पश्चिम कांगचुप में है। एक अधिकारी के मुताबिक, इस कैंप में कई कुकी परिवारों ने शरण ली है। यहां कभी-कभार बाहर से फायरिंग होती है। आरोप है कि मैतेई समुदाय के लोग कैंप को निशाना बनाते हैं।

## दूरदर्शन की जानी मानी एंकर गीतांजलि अय्यर का निधन



**नई दिल्ली।** 90 के दशक में दूरदर्शन की जानी मानी एंकर गीतांजलि अय्यर अब हमारे बीच नहीं रहीं। उनके निधन की खबर के बाद से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। गीतांजलि अंग्रेजी समाचार की एंकर थीं। उन्होंने 1971 में दूरदर्शन में काम करना शुरू किया था। टीवी पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्हें कई कीर्तिमान स्थापित किए। उन्होंने अपने तीन दशक के पत्रकारिता के करियर में चार बार बेस्ट एंकर पर्सन अवॉर्ड जीता था।

## सिसोदिया को याद कर मंच पर भावुक हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली, 7 जून (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक शैक्षणिक संस्थान के उद्घाटन के मौके पर पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया और शिक्षा के क्षेत्र में उनके काम को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मुझे आज मनीष जी की याद आ रही है। क्योंकि ये उनका सपना था। वह दिल्ली की शिक्षा को बदलना चाहते थे। लेकिन ये लोग दिल्ली की शिक्षा क्रांति को करना चाहते हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

## बदरीनाथ मंदिर की छत पर लगेगी चांदी की परत, दिल्ली के दानी श्रद्धालु ने दिया प्रस्ताव

**देहरादून, 7 जून (एजेंसी)।** बदरीनाथ मंदिर की छत पर चांदी की परत चढ़ाई जाएगी। शासन ने बदरी-केदार मंदिर समिति को इसकी सहमति दे दी है। इसके लिए एक दानी व्यक्ति ने भी सरकार को प्रस्ताव दिया है। बदरीनाथ मंदिर को दिव्य और भव्य रूप से संवारने के लिए 425 करोड़ की लागत से मास्टर प्लान का काम चल रहा है। इसके अलावा कई दानी व्यक्ति भी मंदिर को संवारने में आर्थिक सहयोग देने के लिए आगे आ रहे हैं। दिल्ली के एक व्यक्ति ने सरकार को बदरीनाथ मंदिर की छत पर चांदी की परत चढ़ाने के लिए प्रस्ताव दिया है। इस आधार पर धर्मस्व एवं संस्कृति विभाग ने बीकेटीसी को इस कार्य के लिए सहमति दे दी है।

## अनुप्रिया पटेल को मिली वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

**वाराणसी, 7 जून (एजेंसी)।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल की वीआईपी श्रेणी की सुरक्षा में बदलाव किया गया है। उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। बुधवार को गृह मंत्रालय ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया। वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा के तहत अब केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कमांडो तैनात रहेंगे।

## नगालैंड में बिकेगा कुत्ते का मांस : हाईकोर्ट

**कोहिमा।** नगालैंड सरकार ने राज्य में कुत्ते के मांस पर बिक्री पर रोक लगा दी थी। अब 2020 के सरकार के आदेश को गुवाहाटी हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। अब कुत्तों के मांस खुले बाजारों और रेस्तरां में बिक सकेगा। चार जुलाई, 2020 को नगालैंड सरकार ने अपने मुख्य सचिव के माध्यम से कुत्ते के मांस की बिक्री, व्यापार और आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके बाद बोरे से बंधे अक्षम कुत्तों की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। न्यायमूर्ति मार्ली वानकुंग ने तीन व्यक्तियों नीजेवोली कुओत्सु, अबेई जत्सु और केतोन्यूयू की याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला सुनाया।

## मालगाड़ी से कटकर छह मजदूरों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के जाजपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बुधवार को एक मालगाड़ी की चपेट में आने से छह मजदूरों की मौत हो गई। हादसे के कई अन्य घायल भी बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसे के वक्त भारी बारिश हो रही थी। इस वजह से मजदूर ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी के नीचे बैठ गए। तभी अचानक मालगाड़ी आगे की ओर बढ़ गई और मजदूरों को नीचे से निकलने का मौका नहीं मिला। घटना बालासोर जिले में भीषण रेल हादसे के पांच दिन बाद हुई है, जिसमें 278 लोगों की मौत हो गई थी।

## पारा 36.6: अब गर्मी करेगी बेहाल

**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** पारा 36.6 डिग्री पर पहुंचने के बाद चिलचिलाती धूप अब आग उगल रही है। मौसम विभाग के अनुसा अब लगातार तापमान में इजाफा होगा और छह दिन तेज हवा चलेगी, हालांकि लू के आसार नहीं है।मई में गर्मी से मिली राहत जून के पहले सप्ताह में भी जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अब तेज हवा चलेगी और तापमान भी बढ़ता जाएगा। राहत की बात यह है कि अभी मौसम विभाग ने लू के संकेत नहीं दिए हैं। नौ जून से 13 जून तक पारा हाई रहेगा।

# खतौली में सम्मोहित कर दो महिलाओं से लाखों की ठगी

**▸ लाखों के जेवर और नकदी लेकर हुए फरार ▸ एक ही दिन में ठगों ने दिया दो घटनाओं को अंजाम**



घटना के बारे में पुलिस को जानकारी देती पीड़ित महिला

**खतौली, 7 जून (बु.)।** कस्बे में एकाएक अपराध की बाढ़ सी आ गई है। बुधवार को कस्बे में दिन दहाड़े बाइक सवार दो ठग राह चलती दो महिलाओं को सम्मोहित कर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ठग कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित महिला ने शोर मचाया, तो मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने बाइक से ठगों का पीछा कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन ठग हाथ नहीं लग पाए। उधर मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला से बदमाशों की जानकारी कर नगर में चैकिंग अभियान चलाकर ठगों की तलाश की, मगर पुलिस को सफलता नहीं मिली। एक ही दिन में दो ठगी की घटनाओं से नगर वासियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार कस्बे के कांशीराम कालोनी निवासी आढ़ती लाला शिखर चंद जैन की पत्नी निर्मला देवी बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे घण्टाघर स्थित पीसनोपाड़ा जैन मंदिर में पूजा पाठ के लिए गई थी। इस दौरान आधा घण्टे बाद महिला मंदिर से पूजा कर वापस घर लौट रही थी, तभी जीटी रोड पर घंटाघर के समीप बाइक सवार दो ठगों ने महिला को रोक लिया। दोनों बदमाश महिला को बातों में उलझा कर उसे सम्मोहित कर डराते हुए महिला के हाथों से 20 ग्राम की सोने की दो चूड़ी, 20 ग्राम की सोने की गले की चैन ठग कर फरार हो गए। ठगों के जाने के बाद महिला ने शोर मचा कर राहगीरों को घटना की सूचना दी। लोगों ने ठगों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन ठग हाथ नहीं लग पाए। पीड़ित महिला ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली पर पहुंच अज्ञात ठगों के खिलाफ तहरीर देते हुए ठगों का सुराग लगाकर उसकी सोने की चैन और सोने की चूड़ी बरामद कराने की गुहार लगाई है। वहीं दूसरी घटना में ठगों ने इस घटना के कुछ ही घंटों बाद दूसरी महिला मंगला पत्नी बीरम दत्त शर्मा निवासी पिपला मेरठ को भी अपना शिकार बनाकर उसे भी सम्मोहित कर उससे उसका पर्स लेकर फरार हो गए। महिला ने बताया कि वह रतनपुरी थाना क्षेत्र के फरीदपुर निवासी अपनी बहन से मिलने आई थी, जब वह बुधवार को वापिस अपने घर लौट रही थी, तो मेरठ जाने के लिए बस की इंतजार में बुढ़ाना तिराहे पर खड़ी थी, तभी उसके पास दो ठग आए और उससे अपनी बातों में उलझा कर उसे उसके परिवार के हालत के बारे में बताते हुए उसका एक बेटा बीमार होने की बात कही और उससे धूपबत्ती लाने की बात कहते हुए पीछे मुड़कर न देखने की बात कहकर वहां से गायब हो गए। ठगों को गायब देख महिला के होश उड़ गए। इस महिला ने भी शोर मचाकर घटना की सूचना राहगीरों को दी, जिसके बाद पीड़ित महिला रोती बिलखती हुई कोतवाली पहुंची, जहां पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए महिला ने बताया कि ठगों ने उसका ध्यान भंग किया और उसका पर्स ठग कर ले गए, जिसमे दो हजार रुपए नकद और एक जोड़ी चांदी की पाजेब और एक जोड़ी सोने के कुंडल रखे हुए थे। दोनों महिलाओं ने पुलिस को घटना की तहरीर देते हुए ठगों का सुराग लगाकर उनके जेवरात और नकदी बरामद कराने की गुहार लगाई। वहीं पुलिस ने पीड़ित महिलाओं की तहरीर लेकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित महिला से वारदात की जानकारी ली और बदमाशों की तलाश में चैकिंग अभियान चलाया। मगर पुलिस को सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने व्यापारियों की दुकान पर जीटी रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली है, जिसके आधार पर पुलिस ठगों की तलाश कर रही है।

# शहर के पहले ऑन लाइन सीएनजी पम्प का बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने किया उद्घाटन









**मुजफ्फरनगर, 7 जून (बु.)।** शहर के भीतर पहले ऑन लाइन सीएनजी पंप का उद्घाटन आज मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ तथा पंजाबी समाज के चेयरमैन सुखदर्शन सिंह बेदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस पंप के खुलने से शहर के सीएनजी उपभोक्ताओं को लंबी दूरी के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी। शहर के बीच भोपा रोड पर बस स्टैंड के पास स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर आज शहर के पहले ऑन लाइन सीएनजी पंप का उद्घाटन विधि विधान से किया गया। मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक तथा भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ तथा पंजाबी समाज के चेयरमैन भाजपा नेता सुखदर्शन सिंह बेदी ने किया। इस मौके पर सभी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शहर के भीतर ऐसे पंप की जरूरत थी। बड़ी संख्या में सीएनजी चालित गाड़ियों को सीएनजी लेने के लिए शहर से बाहर काफी लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। अब उन्हें शहर के भीतर ही यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके स्वामी लक्की ने बताया कि शहर का यह पहला सीएनजी पंप ऑन लाइन होगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप, इंद्र प्रस्थ गैस लि. के हेड रचित कंसल, कुशपुरी, प्रवीण खेड़ा, धनप्रीत सिंह चन्नी बेदी, पवन छाबड़ा, सभासद अमित पटपटिया, सागर वत्स, अखिलेश गुप्ता, स.त्रिलोचन सिंह गंभीर, प्रबंधक वासुदेव, रविंद्र, पंकज अपवेजा, अशोक गर्ग, योगेश और रोहित जैन आदि मौजूद रहे।

# अब फिर पॉलिथीनमुक्त शहर बनाने की कवायद तेज

**▸ डस्टबिन प्रयोग के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी होंगे मददगार**
**▸ नगरपालिका क्षेत्र को ग्रीन व क्लीन बनाने को छिड़ेगा अभियान**



सिंगल यूज प्लॉस्टिक पर पूरी कड़ाई से प्रतिबंध लगाए जाने के साथ ही नगर को साफ, स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए जाने के लिए बड़ा अभियान शुरू होगा। हालांकि शुरूआती दौर में नगर पालिका ईओ हेमराज सिंह ने नगर क्षेत्र की जनता से अभियान से जुड़ने के साथ नगर क्षेत्र को ग्रीन एंड क्लीन किए जाने का भी आह्वान किया है। वर्तमान में बिगड़ते पर्यावरण के लिए कहना गलत न होगा कि नगर क्षेत्र की आम जनता के साथ इससे जुड़े

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** नगरीय क्षेत्र को स्वच्छ, साफ और सुन्दर बनाने के संकल्प के बीच नगर पालिका प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। अपनी योजना को धरातल पर उतारने की खातिर जहां एक ओर जल्द ही अभियान चलाकर नगर को ग्रीन एंड क्लीन बनाने की तैयारी की है, वहीं व्यवस्था में सुधार की दिशा में ओर बेहतर करने की खातिर क्षेत्र की जनता से भी सहयोग मांगा है। ईओ पालिका हेमराज सिंह ने इस अभियान से लोगों को जुड़ने का आह्वान करने क साथ व्यवस्था में सहयोग की खातिर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से संपर्क करते हुए इस महा अभियान में जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।
पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के साथ भावी पीढ़ी की सुरक्षा के चलते हुए पर्यावरण को बचाने के लिए इस साल का थीम नगरपालिका परिषद को पूरी तरह से प्लॉस्टिक मुक्त बनाने का है। इसी के तहत नगर पालिका मुजफ्फरनगर को अब प्लॉस्टिक मुक्त बनाने के लिए बड़ी चुनौती का सामना करने को कदम आगे बढ़ाएं हैं, इसी के तहत प्लॉस्टिक मुक्त शहर के लिए अब पालिका प्रशासन की ओर से मुहिम चलेगा। इसके तहत प्रतिबंधित प्लॉस्टिक के चलन को खत्म करने के साथ प्लॉस्टिक थैला के बजाय कपड़े के थैले व कागज के बने गिलास का उपयोग करने के साथ भविष्य में डस्टबिन का प्रयोग करने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए अब अभियान चलेगा। योगी सरकार की पहल पर पालिका क्षेत्र में अब विभागों की अनदेखी है, जिसका दुष्प्रभाव बिगड़े हुए पर्यावरण के रूप में हर ओर देखने को मिल रहा है। बदले निजाम के बीच में अब इन बातों को नगर पालिका प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और पर्यावरण थीम के उद्देश्य को पूरा करने के लिए फिर से ग्रास लेवल पर काम करने का निर्णय लिया है। इसी के तहत अब आने वाले दिनों में दोषियों पर कार्यवाही भी की जाएगी। बुधवार को नगर पालिका ईओ हेमराज सिंह ने मीडिया के माध्यम से नगर क्षेत्र की जनता से इस अभियान से जुड़ने के आह्वान के साथ ही अपनी टीम को निर्देशित किया है कि ऐसे दुकानदारों को दो से तीन दिन का समय दिया जाए, ताकि इस अवधि में वे प्लॉस्टिक थैलियों का उपयोग बंद कर दें। इसके बाद इन थैलियों का उपयोग करने वालों पर फिर कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही ईओ पालिका हेमराज सिंह ने ग्रीष्म ऋतु की दस्तक के बीच सामाजिक संगठनों से ठंडे पानी, शरबत आदि के वितरण में नगर पालिका प्रशासन को सहयोग की अपेक्षा करते हुए प्लॉस्टिक या कागज के गिलास का प्रयोग करते समय डस्टबिन का प्रयोग किए जाने की अपील की है। वहीं इस व्यवस्था में पालिका की ओर से किसी भी समस्या निदान के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से मोबाइल नं. 9559234282 पर संपर्क किए जाने का आह्वान किया है।

# देवल में खेत से आ रहे किसान पर जानलेवा हमला व फायरिंग

रामराज, 07 जून (बु.)। रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम देवल में खेत से ट्रैक्टर-ट्राली लेकर आ रहे किसान पर तीन बाइकों पर सवार पाँच युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान पीछे से आये किसान के तहेरे भाई ने एक हमलावर को पकड़ लिया, तो हमलावरों ने अवैध तमंचे से किसान पर फायरिंग दी। पीड़ित किसान ने गाँव की ओर ट्रैक्टर भगाकर बामुश्किल अपनी जान बचाई। किसान ने ग्रामीणों के साथ थाने पहुचकर दो नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम देवल निवासी किसान सुखविंदर सिंह पुत्र बलविंदर सिंह गत मंगलवार की शाम को अपने खेतों से ट्रैक्टर लेकर घर आ रहा था। इस दौरान उसके घेर के बाहर खड़ी कार को हटाने को लेकर कार में सवार ग्राम जीवनपुरी निवासी अरुण पुत्र बलवन्त व हुसैनपुर निवासी नीरज पुत्र राजवीर व दो अज्ञात युवकों से कहासुनी हो गई, जिस पर कार सवार देख लेने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। बुधवार की सुबह सुखविंदर अपने खेतों से ट्रैक्टर पर सवार होकर वापस गाँव की ओर आ रहा था। जैसे ही वह गाँव आलमपुर गंगनहर पुल के निकट पहुंचा, तो आरोप है कि यहां तीन बाइकों पर सवार पाँच युवकों ग्राम हुसैनपुर निवासी नीरज पुत्र राजवीर व अरुण पुत्र बलवंत व तीन अज्ञात युवकों ने उसके ट्रैक्टर में डंडा मारकर ट्रैक्टर रोक लिया तथा सुखविंदर सिंह पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इसी दौरान शोर शराबा सुनकर पीछे आये सुखविंदर के तहेरे भाई सतेन्द्रपाल पुत्र जोगेंद्र सिंह ने दौड़कर एक हमलावर को पकड़ लिया। आरोप है कि जिस पर सभी आरोपियों ने एक राय होकर तमंचे से सुखविंदर पर फायर कर दिया, जिसमें वह बाल-बाल बचा और ट्रैक्टर गाँव की ओर भगाकर सुखविंदर ने बामुश्किल जान बचाई। वहीं दिनदहाड़े गोली चलने से गाँव मे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं गाँव में पहुंचे किसान सुखविंदर ने मामले की जानकारी परिजनों व अन्य ग्रामीणों को दी तथा दर्जनों ग्रामीणों के साथ रामराज थाने पहुंचकर आरोपी थानाक्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर निवासी नीरज पुत्र राजबीर सिंह व ग्राम जीवनपुरी निवासी अरुण पुत्र बलवन्त सहित तीन अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।





सुजडू चुंगी स्थित डीडी कृषि कार्यालय में कटा हुआ शीशम का पेड़ और मौजूद मजदूरों का फाइल फोटो

## सड़क पर गड्ढा दिखे तो फोटो खींच कर डालो, दुरुस्त करेगी रोड एंबुलेंस

**मेरठ, 7 जून (एजेंसी)।** सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़कें हैं, मेरठ में यह पता नहीं चलता। लोग परेशान हैं, लेकिन दावा है कि अब यह परेशानी दूर होने वाली है। दरअसल, सड़कों के गड्ढों को भरने के लिए नगर निगम को दो सड़क एंबुलेंस मिली हैं, जो सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचेंगी और उसमें सवार निगमकर्मी गड्ढों को भरेंगे। आज महापौर हरिकांत अहलूवालिया ने कैंप कार्यालय से इन्हें रवाना किया। पहली शिकायत एप के जरिए पर हरीश नरोला ने की, जिसके बाद एंबुलेंस सुरजकुंड पर पहुंची और गड्ढा भरा। सूचना देने के लिए एक एप भी जारी किया जाएगा, जिसे लोग मोबाइल पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। गड्ढे का फोटो खींचकर एप के जरिए भेजने पर इसकी सूचना सीधे निगम के कंट्रोल रूम को जाएगी, क्योंकि एप को इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट (आईटीएमएस) से जोड़ा जाएगा। मेरठ को फिलहाल दो रोड एंबुलेंस मिली हैं। दोनों एंबुलेंस में गड्ढे भरने का मैटेरियल 24 घंटे उपलब्ध रहेगाा। दोनों गाडियां नगर निगम में पहुंच गई हैं। आज महापौर ने इन एंबुलेंस का शुभारंभ कर दिया है। महापौर हरिकांत अहलूवालिया का कहना है कि प्रदेश में मेरठ को पहली दो सड़क एंबुलेंस मिली हैं।

## अनियंत्रित डीसीएम ने महिला को कुचला, गम्भीर

**भोपा, 07 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मुख्य मार्ग पर स्थित इंटर कॉलेज के सामने एक अनियंत्रित डीसीएम ने महिला को बुरी तरह कुचल दिया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते महिला को जिला अस्पताल रैफर किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी रघबीरी पत्नी स्व. सतपाल मोरना भोकरहेड़ी मुख्य मार्ग पर स्थित इंटर कॉलेज के पास किसी काम से आई थी। जैसे ही वह पैदल अपने घर वापस लौट रही थी, तभी मोरना की तरफ से महिला के पीछे की और से आई एक अनियंत्रित डीसीएम ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गयी। शोर-शराबा सुनकर आए ग्रामीणों ने किसी तरह महिला को डीसीएम के नीचे से बाहर निकाला। इस दौरान डीसीएम चालक ने फरार होने का प्रयास किया, जिसे ग्रामीणों ने दबोच लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

## अज्ञात ई-रिक्शा की टक्कर से पति पत्नी व बच्चे घायल

**भोपा, 07 मई (बु.)।** अज्ञात ई-रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पति पत्नी सहित तीन बच्चे घायल हो गये। घायलों को स्वास्थ्य केन्द्र मोरना लाया गया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। थाना भोपा क्षेत्र के ग्राम युसुफपुर निवासी सनव्वर अपनी पत्नी साहिबा, भतीजी 9 वर्षीया फिजा, पुत्र 2 वर्षीय रिहान व 6 माह की महक को लेकर बाइक द्वारा अपनी ससुराल बेहड़ा सादात जा रहा था। जैसे ही वह चीनी मिल मोरना के पास पहुंचा, तभी एक अज्ञात ई-रिक्शा ने उसकी बाइक में साईड मार दी। साईड लगने से साहिबा व तीनों बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घायलों को राहगीरों की सहायता से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोरना लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया।

## घर में रखे सोने, चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी

**कांधला, 07 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के नईबस्ती में अज्ञात चोरों ने घर के भीतर घुसकर हजारों रुपए के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर अपने साथ ले गए। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है। बीते मंगलवार की रात्रि को गांव नईबस्ती निवासी समयदिन घर के आंगन में सो रहा था। मध्यरात्रि के समय अज्ञात चोर घर के भीतर घुस गए और समयदीन की गहरी नीन्द का फायदा उठाकर कमरे के भीतर रखे सामान व संदूक को खंगाल कर सोने, चांदी के जेवरात व अन्य सामान को चोरी कर लिया। घर में अचानक जाग हो जाने के बाद अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मकान के भीतर सामान बिखरा देखकर आसपास के लोगों को शोर शराबा कर मौके पर बुला लिया। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर घटना की छानबीन की। घटना के सम्बन्ध में पीड़ित ने थाने जाकर पुलिस को तहरीर देते हुए अज्ञात चोरों के द्वारा घर में रखी 18 तोले चांदी, 10 तोले सोना व अन्य सामान चोरी किये जाने की सूचना दी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# डीडी कृषि की अनदेखी बनी जिले में विवाद का बड़ा कारण

**▸ फर्जी शिकायत मामले के बाद अब चर्चा में परिसर पेड़ काटना**
**▸ पूर्व में भी काटे जा चुके हैं कृषि परिसर से दो प्रतिबंधित पेड़**

**मुजफ्फरनगर, 07 जून (बु.)।** मुजफ्फरनगर से प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक चर्चा के केन्द्र में रहे डीडी एग्रीकल्चर का एक ओर मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले में हुई शिकायत से कृषि विभाग के अधिकारियों की अनदेखी प्रशासन में चर्चा का विषय बनी है, जिसमें विभागीय अफसरों की मिलीभगत के कुछ कर्मियों ने आरोप लगाए हैं। बीते कई दिनों से चर्चा में रहे मामले में आलाधिकारियों के दखल के बाद वन विभाग के साथ स्थानीय पुलिस भी छानबीन में जुटी है। आरोप है कि इससे पूर्व भी डीडी एग्रीकल्चर विभाग परिसर में एक शीशम व एक कदम के पेड़ों को काट लिया गया था। नगर क्षेत्र के सुजडू चुंगी स्थित उप निदेशक कृषि विभाग एक बार फिर चर्चा में है। इस बार डीडी कार्यालय परिसर में बिना वन विभाग से एनओसी लिए ही वहां खड़े शीशम के दो पेड़ों को काट लिया गया। बिना स्वीकृति पेड़ काटे जाने की सोशल मीडिया पर जारी फोटो के साथ इस मामले की शिकायत होने पर जहां एक ओर स्थानीय पुलिस ने परिसर में काटे जा रहे पेड़ मामले में दोषियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। वहीं वन विभाग ने जानकारी मिलने के बाद कार्यालय में जांच शुरू कर दी है। बीते दिवस इस मामले में वन विभाग की टीम ने कुछ पुलिस कर्मचारियों के साथ जांच करने को डीडी कार्यालय में पहुंची है। टीम ने यहां पर कुछ कर्मचारियों से पूछताछ की है। उधर, पुलिस ने देर रात्रि में परिसर में कटे हुए पेड़ की चौकसी की है। डीडी कार्यालय में शीशम का पेड़ कटने की घटना को लेकर हड़कम्प मचा हुआ है। यहां पूर्व में एक शीशम व कदम का पेड़ भी कटने की जानकारी दी जा रही है। कहना गलत न होगा कि जिला मुख्यालय स्थित डीडी एग्रीकल्चर का कार्यालय काफी दिनों से चर्चाओं में बना है। ऐसे में जहां पूर्व में सहकर्मियों की हुई फर्जी शिकायत मामले में अब तक दो कर्मचारियों का तबादला हो चुका है, वहीं अब शीशम का पेड काटने की घटना ने कृषि विभाग के अधिकारियों की कार्य प्रणाली संदेह के घेरे में है। डीडी कृषि कार्यालय परिसर में बीते कई दशकों से खड़े स्वस्थ शीशम के पेड़ को काट दिए जाने के इस मामले में अधिकारी की चुप्पी पर सवाल उठ रहे है। बड़ी बात यह कि परिसर से पेड़ काटने के लिए वन विभाग की भी एनओसी नहीं ली गई। उधर, डीएम ने इस मामले में संज्ञान लिया है।

# लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

मीरापुर, 07 जून (बु.)। डिगढ़ेरा के जंगल से गुजर रहे एक व्यक्ति के साथ लूट होने की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों की तलाश में जंगल में काम्बिंग की,बाद में लूट की सूचना झूठी निकली। सालारपुर निवासी परशुराम पुत्र तारा ने एसडीएम जानसठ को प्रार्थना-पत्र देकर सूचना दी कि वह बुधवार की दोपहर में डिगढ़ेरा के जंगल से होते हुए मीरापुर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में बदमाशों ने उससे एक लाख रुपए लूट लिए तथा फरार हो गए, जिसके बाद एसडीएम ने जानसठ पुलिस को लूट की सूचना से अवगत कराया गया, तो पुलिस में हड़कम्प मच गया, किन्तु घटनास्थल मीरापुर क्षेत्र का होने के जानसठ पुलिस ने मामले को मीरापुर पुलिस के संज्ञान में डाला। लूट की सूचना मिलने से मीरापुर पुलिस में भी हड़कम्प मच गया और आनन-फानन में मीरापुर इंस्पेक्टर रवेंद्र सिंह यादव भारी पुलिसबल व पीड़ित को साथ लेकर घटना स्थल पर पहुंच गए तथा बदमाशों की तलाश में जंगल में काम्बिंग की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पीड़ित के बार बार घटनास्थल बदलने से पुलिस को शक हुआ, तो पुलिस ने पीड़ित से गहनता से पूछताछ की तथा उसके गांव में जानकारी की तो मामला पुरानी रंजिश का निकला। इंस्पेक्टर रवेंद्र सिंह ने बताया कि लूट की सूचना मिली थी। जांच में सूचना फर्जी पाई गई। शिकायतकर्ता का गांव के ही विकास शर्मा नाम के व्यक्ति से प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा है, जिसे फंसाने के लिए परशुराम ने लूट की घटना की साजिश रची थी।

## यमुना में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत, कोहराम मचा

**कैराना, 07 जून (बु.)। यमुना पार करके खेतों में जा रहे 15 वर्षीय किशोर की यमुना में डूबने से मौत हो गई, जबकि उसके साथी को समय रहते यमुना से बाहर निकाल लिया। वही किशोर की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे गांव मंडावर निवासी शमशाद का 15 वर्षीय पुत्र मुज्जकिर अपने साथी के साथ यमुना पार करके अपने खेतों में जा रहा था। इसी दौरान दोनों किशोर यमुना में डूबने लगे। आसपास के लोगों ने शोर मचा दिया, जिसके बाद ग्रामीण व गोताखोरों ने यमुना में छलांग लगा दी। कुछ देर बाद गोताखोरों ने मुज्जकिर के साथी को यमुना से सकुशल बाहर निकाल लिया। करीब 1 घन्टे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने मुज्जकिर के शव को यमुना से बाहर निकाला। मृतक मुज्जकिर के एक बड़ा भाई है। किशोर की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। देर शाम गमगीन माहौल में शव को कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया।**

## पीएम आवासीय योजना के नाम पर हजारों रुपए ठगे

**खतौली।** अज्ञात लोगों ने महिला से प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर हजारों रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित महिला ने कोतवाली पहुंच अज्ञात ठगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देते हुए उसके रुपए वापस दिलाने की गुहार लगाई। पुलिस ने महिला की तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव लाडपुर निवासी डोली पत्नी किरण ने पुलिस को अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर देते हुए बताया कि उन्होंने प्रधान मंत्री आवासीय योजना के तहत मकान बनवाने के लिए ऑन लाइन आवेदन किया हुआ था। आज उनके फोन पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने प्रधानमंत्री आवासीय योजना के नाम पर 28 हजार रुपए की डिमांड की, जिसके बाद उन्होंने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बताए गए अकाउंट नंबर पर रुपए डाल दिए, जब दोबारा संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका फोन बंद आया, जिसके बाद उन्हें अपने साथ ठगी होने की आशंका हुई, जिसके बाद महिला ने कोतवाली पहुंच अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देते हुए रुपए वापिस दिलाने की मांग की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# घायल हुए मजदूर की मौत पर हंगामा, जाम लगाने का प्रयास



**खतौली, 7 जून (बु.)। एक सप्ताह पूर्व लेंटर की बल्ली गिरने से घायल हुए मजदूर को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मजदूर की मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। जैसे ही मजदूर का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव में पहुंचा, तो मृतक के परिजनों और समाज के लोगों ने गांव के बाहर जीटी रोड पर कार्यवाही की मांग को लेकर जाम लगाने का प्रयास किया। जाम लगाने की सूचना पर गांव में पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाबुझा कर शांत किया, जिसके बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार किया गया। जानकारी के अनुसार खतौली कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसी निवासी विकास पुत्र पीरु 29 मई को निर्माणाधीन मकान के लेंटर में लगी बल्ली अचानक विकास के सिर पर गिर गई, जिसमे विकास गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे ग्राम प्रधान द्वारा मेरठ अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां विकास की सात जून को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। विकास की मौत की सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। शव आने से पहले परिजनों और सैकड़ों ग्रामीणों ने कोतवाली का घेराव कर हंगामा काटा, जहां परिजनों ने पुलिस को जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की। परिजनों का कहना था कि ग्राम प्रधान विकास को मजदूरी करने के नाम पर बुलाकर ले गया था, लेकिन जब वह बल्ली लगने से घायल हो गया, तो प्रधान ने बिना परिजन को सूचना दिए ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया। प्रधान ने विकास को हादसे में घायल होने का झूठ बोल परिवार को गुमराह किया था। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत किया, लेकिन जैसे ही विकास का शव गांव में पहुंचा, तो शव को देख परिजनो में कोहराम मच गया और आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के बाहर जीटी रोड पर जाम लगाकर प्रधान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यवाही और मृतक के परिवार को आर्थिक मदद दिलाने की मांग की। जाम लगाने की सूचना के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में पहुंच ग्रामीणों को शांत कर जाम खुलवाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।**